श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 172, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 18 जुलाई 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 'चीन की हर हरकत का जवाब देने को तैयार'

## एलएसी पर तैनात करेंगे एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम

**नई दिल्ली:** भारत और चीन के बीच 16वें दौर की चल रही सैन्य वार्ता के बीच वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने कहा है कि एलएसी पर वायु सेना की सक्रियता देखकर चीन घबरा गया है। उन्होंने कहा कि पूर्वी लद्दाख से सटी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर लगातार वायु गतिविधि पर नजर रखी जाती है। जब भी हमें लगता है कि चीनी विमान एलएसी के बहुत करीब आ रहे हैं, तो हम अपने लड़ाकू विमानों और अपने सिस्टम को हाई अलर्ट पर रखकर उचित उपाय करते हैं। पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारतीय चौकियों के बहुत करीब चीनी विमान आने की घटना जून के अंतिम सप्ताह में हुई थी जिसका खुलासा पिछले हफ्ते हुआ था। चीन का यह एयरक्राफ्ट पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारतीय चौकियों के बहुत करीब आ गया था, लेकिन किसी भी संभावित दुस्साहस से निपटने के लिए वायु सेना तुरंत सक्रिय हो गई, जिसके बाद चीनी विमान अपनी सीमा में लौट गया। पूर्वी लद्दाख सेक्टर में डेढ़ साल से चल रहे गतिरोध के दौरान चीनी वायु सेना के हवाई क्षेत्र के उल्लंघन की यह पहली घटना थी, जिस पर भारत ने चीन के साथ कड़ी आपत्ति जताई थी। चौधरी ने हालांकि कहा कि वह कोई विशेष कारण नहीं बता सकते कि चीनी ऐसा क्यों कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और चीन सीमा पर हमेशा कई मोर्चों का खतरा बना रहता है। एक समय में दो मोर्चों को संभालने के लिए विभिन्न प्लेटफार्मों पर भारतीय वायुसेना की क्षमता को और मजबूत करना होगा। हमें और अधिक राडार, सतह से हवा में मार करने वाले निर्देशित हथियार (एसएजीडब्ल्यू) सिस्टम की आवश्यकता होगी, जो स्वदेशी स्त्रोतों से आएंगे। इसी तरह उन्होंने वायु सेना को अपने लड़ाकू विमानों की स्क्वाड्रन बढ़ाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसी तरह विमान के मोर्चे पर आने वाले समय में हम और मजबूत होंगे, जब पांचवीं पीढ़ी के एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए), लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) मार्क-क्क और मार्क-क्क वायु सेना के बेड़े में शामिल होंगे। इसके अलावा 114 मल्टी रोल फाइटर एयर क्राफ्ट (एमआरएफए) के मामले में भी अच्छी प्रगति हो रही है। इन लड़ाकू विमानों से न केवल भारतीय वायु सेना मजबूत होगी, बल्कि भारतीय विमानन उद्योग को भी बढ़ावा मिलेगा। वायु सेना प्रमुख ने कहा कि एएमसीए के लिए हमने 7 स्क्वाड्रन बनाने का विचार किया है। एलसीए मार्क-क्क के लिए नंबर स्क्वाड्रन की संख्या पर पहला प्रोडक्शन मॉडल आने के बाद फैसला लिया जायेगा। एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी का यह बयान तब आया है, जब पूर्वी लद्दाख से सटी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर लगभग दो साल से चल रहे गतिरोध के बीच दोनों देशों के सैन्य कमांडर चार माह बाद रविवार को फिर




आमने-सामने बैठे हैं। उन्होंने अभी दो दिन पहले सेंटर फॉर ज्वाइंट वॉरफेयर स्टडीज (सेनजोस) की ओर से आयोजित 'एयर एंड मिसाइल डिफेंस' सेमिनार के दौरान कहा था कि एयर डिफेंस और काउंटर एयर ऑपरेशन की सफलता और असफलता एक दूसरे पर निर्भर करती है।

## सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने उठाया महंगाई और अग्निपथ का मुद्दा, श्रीलंका मुद्दे पर 19 जुलाई को होगी सर्वदलीय बैठक

# सत्र से पहले बैठकों का दौर... थमेगा शोर?



**नई दिल्ली:** केन्द्र सरकार की ओर से रविवार को आगामी संसद सत्र से पूर्व सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। मानसून सत्र से पूर्व होने वाली इस बैठक में विपक्ष ने महंगाई, असंसदीय शब्द और अग्निपथ योजना को वापस लिए जाने का मुद्दा उठाया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में संसदीय सौध में आज यह सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई । संसदीय कार्यमंत्री मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सर्वदलीय बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि विपक्ष संसद की छवि को धूमिल करने का प्रयास कर रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार नियम प्रक्रिया के तहत आसन की अनुमित से सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। प्रह्लाद जोशी ने बताया कि आज की बैठक में 45 राजनीतिक दलों



को आमंत्रण भेजा गया था। इसमें से 36 का प्रतिनिधित्व रहा। इन सभी दलों के नेताओं ने अपने विचार रखे, सुझाव दिए और कुछ मुद्दों पर सरकार से अपनी मांगे रखी। सरकार सभी मुद्दों पर संसद में चर्चा के लिए तैयार है।

**किसी शब्द पर नहीं लगा प्रतिबंध:** जोशी ने बताया कि सर्वदलीय बैठक में असंसदीय शब्दावली का भी मुद्दा उठाया गया। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष पहले ही इस पर स्पष्टीकरण दे चुके हैं। सरकार की ओर से भी आज इस बात को दोहराया गया। 1954 से लेकर अब तक संसद में असंसदीय भाषा घोषित किए गए शब्दों की एक सूची जारी होती रही है। इस बार भी जारी सूची उसी क्रम का हिस्सा थी। इसका अर्थ यह नहीं है कि संसद में किसी शब्द के प्रयोग को प्रतिबंधित किया गया है।

### चीनी घुसपैठ, जम्मू कश्मीर पर चर्चा चाहते हैं खड़गे

राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सर्वदलीय बैठक में हमारी ओर से 13 मुद्दे उठाए गए। उन्होंने कहा कि सरकार इस सत्र के दौरान 32 विधेयक संसद में लाना चाहती है। इनमें से केवल 14 ही अभी तक तैयार हो पाए हैं। सरकार इन 14 विधेयकों की भी जानकारी साझा नहीं करना चाहती । वहीं इस सत्र के दौरान केवल 14 कार्यदिवस ही हैं। कई मुद्दों पर चर्चा होनी है और 32 विधायक पारित होने हैं। विपक्ष चीन की घुसपैठ, विदेश नीति, वन संरक्षण अधिनियम में बदलाव, जम्मू कश्मीर और कश्मीरी पंडितों सहित कांग्रेस नेताओं पर हमले जैसे विषयों पर चर्चा करना चाहता है।

श्रीलंका मुद्दे पर 19 जुलाई को होगी सर्वदलीय बैठक: जोशी ने बताया कि विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नेतृत्व में सरकार ने एक और सर्वदलीय बैठक बुलाई है। मंगलवार 19 जुलाई को होने वाली इस बैठक में श्रीलंका में जारी वर्तमान संकट पर चर्चा होगी।

## गृहमंत्री शाह ने उपराष्ट्रपति उम्मीदवार जगदीप धनखड़ का कराया 'मुंह मीठा'

**नई दिल्ली:** उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जगदीप धनखड़ की रविवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात हुई। मुलाकात की जानकारी देते हुए अमित शाह ने ट्वीट कर बताया कि उन्होंने एनडीए की ओर से उपराष्ट्रपति पद के प्रत्याशी चुने जाने पर जगदीप धनखड़ का मुंह मीठा कराकर उन्हें बधाई दी। साधारण किसान परिवार में जन्मे धनखड़ का जीवन जनकल्याण व समाज के उत्थान को समर्पित रहा है। उन्हें विश्वास है कि जमीनी समस्याओं पर उनकी समझ



व संवैधानिक ज्ञान का देश को बड़ा लाभ मिलेगा। शनिवार को पश्चिम बंगाल के उपराज्यपाल जगदीप धनखड़ को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की ओर से उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुना गया है। वहीं विपक्ष अपने उम्मीदवार की घोषणा कर सकता है।

### मार्गरेट होंगी विपक्ष की उपराष्ट्रपति उम्मीदवार

**नई दिल्ली:** उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए भाजपा नीत एनडीए के उम्मीदवार के एलान करने के बाद विपक्षी दलों ने भी रविवार को अपने प्रत्याशी का एलान कर दिया। विपक्ष ने मार्गरेट अल्वा को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया है। एनसीपी चीफ शरद पवार ने इनके नाम का एलान किया। इससे पहले एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार के घर पर विपक्षी दलों की बैठक हुई। इसमें उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के नाम पर चर्चा हुई। इसके बाद अल्वा के नाम का एलान किया गया।

## पीवी सिंधु ने जीता सिंगापुर ओपन




**सिंगापुर:** भारत की स्टार महिला बैडमिंटन खिलाड़ी और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने सिंगापुर ओपन 2022 के फाइनल में चीनी खिलाड़ी वांग जी यी को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया है। सिंधु ने तीन सेट तक चले फाइनल मुकाबले में चीनी खिलाड़ी को 21-9, 11-21, 21-15 से शिकस्त दी। इस साल यह सिंधु का तीसरा खिताब है। पीवी सिंधु ने पहली बार सिंगापुर ओपन का खिताब अपने नाम किया है। वह यह खिताब जीतने वाली तीसरी भारतीय हैं। उनसे पहले साइना नेहवाल ने 2010 और बी. साई प्रणीत ने 2017 में यह टूर्नामेंट जीता था। फाइनल मुकाबले में भारतीय स्टार पीवी सिंधु ने चीन की खिलाड़ी वांग जी यी के खिलाफ अच्छी शुरूआत की। उन्होंने पहला गेम 21-9 के अंतर से अपने नाम किया। इसके बाद चीनी खिलाड़ी ने वापसी करते हुए 21-11 से दूसरा सेट जीता। तीसरे सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त मुकाबला हुआ, लेकिन अंत में सिंधु ने 21-15 के अंतर तीसरा गेम जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया।

बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएआई) ने पीवी सिंधु को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

बीएआई ने ट्वीट करते हुए लिखा "पीवी सिंधु ने सिंगापुर ओपन-2022 में चीनी खिलाड़ी वांग जी यी को 21-9, 11-21, 21-15 से हराकर वर्ष का अपना तीसरा खिताब जीता। बधाई हो चैंपियन।"

## देश में 200 करोड़ कोरोना टीके लगे

**नई दिल्ली:** भारत में कोविड-19 महामारी से निपटने के लिए चलाए जा रहे टीकाकरण कार्यक्रम ने रविवार को एक और महत्वपूर्ण पड़ाव हासिल किया। कार्यक्रम की शुरूआत से करीब 18 महीने बाद देश में अब तक 2 अरब वैक्सीन खुराक दी जा चुकी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने एक वीडियो संदेश में इस उपलब्धि के लिए देशवासियों और स्वास्थ्य कर्मियों को शुभकामनाएं और धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि 16 जनवरी 2021 से शुरू हुए इस टीकाकरण कार्यक्रम ने आज 200 करोड़ टीके लगाने का लक्ष्य हासिल किया है। यह लक्ष्य हासिल करना देश और देशवासियों के लिए गर्व का विषय है। महज 18 महीनों में हमने इस लक्ष्य को हासिल किया है। विश्व में कई देश आज भी कोविड महामारी से जूझ रहे हैं। वहीं भारत ने 200 करोड़ टीकाकरण का लक्ष्य हासिल कर न केवल एक कीर्तिमान स्थापित किया है बल्कि दुनिया को एक नई दिशा भी दिखाई है।

डब्ल्यूएचओ दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्रीय निदेशक डॉ पूनम खेत्रपाल सिंह ने 2 अरब से अधिक कोविड-19 वैक्सीन खुराक देने के लिए भारत को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह महामारी के खिलाफ देश की प्रतिबद्धता और प्रयासों का एक और सबूत है।

## जल संरक्षण को बनाएं जन आन्दोलन: योगी

**लखनऊ:** भूगर्भ जल सप्ताह के दौरान राज्य सरकार ने प्रदेश के गांव-गांव में भूजल संरक्षण की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और इसे जनआंदोलन बनाने की बड़ी तैयारी की है। रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अभियान को गति देते हुए 5 कालीदास मार्ग से "डिजिटल भूजल रथ" को फ्लैग ऑफ किया। उन्होंने डिजिटल भूजल रथ का फ्लैग ऑफ करते हुए जल संकट से उबरने के लिये राज्य सरकार की ओर से चलायी जा रही अटल भूजल योजना के उद्देश्यों और उपलब्धियों को बताया। सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 2017 से 2021 के बीच यूपी में भूजल स्तर में बड़ा सुधार आया है।



पहली बार यूपी में 35 जिलों में भूजल स्तर बढ़ा है। 82 विकास खंड जो डार्क जोन में थे, उनमें से 25 विकास खंड (अति दोहित) डार्क जोन से बाहर निकल चुके हैं। सीएम योगी ने नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की भूगर्भ जल के संरक्षण के लिए शुरू किए गए अभियान की प्रशंसा भी की। उन्होंने जनता से जल संरक्षण को जन आन्दोलन के रूप में परिवर्तित करके भूजल स्तर को बढ़ाने और यूपी को खुशहाल बनाने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि यूपी में 16 से 22 जुलाई तक भगर्भ जल सप्ताह मनाया जा रहा है। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि बरसात की एक-एक बूंद जल के संचयन का प्रयास करेंगे तो खारा पानी की समस्या भी दूर होगी। कार्यक्रम में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव भी मौजूद रहे। जल शक्ति मंत्री ने डिजिटल भूजल रथ के फ्लैग ऑफ पर कहा कि जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सरकारी योजनाओं के साथ-साथ जन समुदाय को भी जन आन्दोलन से जोड़ना होगा। प्रमुख सचिव ने भूगर्भ जल विभाग की ओर से भूजल प्रबंधन की विभिन्न संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी दी।

## दूध के प्रोडक्ट और आटे पर 18 जुलाई से 5% जीएसटी, होटल रूम के लिए चुकाने होंगे ज्यादा रुपए

# आज से और सताएगी महंगाई, पड़ेगी जीएसटी की मार

**नई दिल्ली:** 18 जुलाई से जरूरत की कई चीजें महंगी होने वाली हैं। पिछले महीने हुई बैठक में जीएसटी काउंसिल ने जीएसटी रेट बढ़ाने का फैसला लिया गया है। जीएसटी की दरें बढ़ने से दही, लस्सी, चावल और आटा समेत कई जरूरी चीजें महंगी हो जाएंगी।

**डेयरी प्रोडक्ट और आटा होगा महंगा:** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में हुई जीएसटी काउंसिल की बैठक में दूध के प्रोडक्ट को पहली बार जीएसटी के दायरे में शामिल करने का फैसला किया गया था। जीएसटी काउंसिल की बैठक में टेट्रा पैक वाले दही, लस्सी और बटर मिल्क पर 5% जीएसटी लगाने का फैसला किया गया। इतना ही नहीं अनब्रांडेड प्री-पैकेज्ड और प्री




लेबल आटा और दाल पर भी 5% जीएसटी लगेगा।

एलईडी लाइट्स और एलईडी लैंप्स पर 18% जीएसटी: ब्लेड, पेपर कैंची, पेंसिल शार्पनर, चम्मच, कांटे वाले चम्मच, स्किमर्स और केक सर्विस आदि पर सरकार ने जीएसटी को बढ़ा दिया है। अब इस पर 18% की दर से जीएसटी वसूली जाएगी। इतना ही नहीं एलईडी लाइट्स और एलईडी लैंप्स पर भी जीएसटी 12% से बढ़ाकर 18% कर दी गई है।

**इलाज कराना भी महंगा:** हॉस्पिटल द्वारा 5000 रुपए प्रतिदिन से अधिक का रूम उपलब्ध कराया जाता है तो उस पर 5% की दर से जीएसटी देय होगा आईसीसीयू, एनआईसीयू, के रूम पर छूट लागू रहेगी।

**होटल रूम के लिए देने होंगे ज्यादा पैसे:** वर्तमान में 1000 रुपए से कम के होटल रूम पर जीएसटी नहीं लगता था, लेकिन अब ऐसे कमरे पर भी 12% की दर से जीएसटी लगेगा।

## लैंडस्लाइड के बाद बद्रीनाथ-ऋषिकेश नेशनल हाईवे बंद

### बदरीनाथ-केदारनाथ में दर्शनार्थियों की संख्या प्रतिदिन एक हजार पहुंची

**देहरादून:** प्रदेश में बरसात से चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों के कदम रुक गए हैं। बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में प्रतिदिन दर्शन करने वाले यात्रियों की संख्या एक हजार से कम हो गई है। बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के आंकड़ों के मुताबिक यात्रा शुरू होने से 16 जुलाई तक चारधामों में 26.49 लाख तीर्थयात्री दर्शन कर चुके हैं। बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ का कहना है कि चारधाम यात्रा की शुरूआत में



बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में एक दिन में 20 हजार से अधिक तीर्थयात्री दर्शन के लिए पहुंच रहे थे। बरसात के कारण बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री धाम में दर्शन करने वाले यात्रियों की संख्या काफी कम हुई है। बारिश में पहाड़ों पर भूस्खलन, मलबा आने से सड़क मार्ग अवरुद्ध होने से ऐसी स्थिति पैदा हो रही है।

# सिटी आस-पास संदेश

## खबर संक्षेप

### कस्तूरबा गांधी आवासीय विधालय में शार्ट सर्किट से लगी आग

**मऊआइमा।** मऊआइमा के कस्तूरबा गांधी आवासीय विधालय में शार्ट सर्किट से लगी आग से गददे जले ग्रामीणों सभी को सुरक्षित बचा लिया। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम जमखुरी स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में शनिवार को देर रात शार्ट सर्किट से आग लग गई। जिसपर सो रही 55 छात्राओं और शिक्षकों ने शोर मचाया तो ग्रामीण पानी लेकर टूट पडे। बताते हैं कि पहले सभी छात्राओं और शिक्षकों ने ग्रामीणों ने अथक प्रयास करके आवास से सभी को बाहर निकाले । फिर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सरताज अहमद के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने जल रहे गददों को बुझाए । घबराहट में किसी ने दमकल विभाग को फोन कर दिया । वह जब पहुंचा तो तब तक ग्रामीण आग पर काबू पा लिए थे। ग्रामीणों की सजगता से किसी छात्र और शिक्षिकाओं को कोई क्षति नहीं हुई । अलबत्ता आधा दर्जन गददे जल गए। आग बुझाते समय कुछ ग्रामीणों को मामूली हाथ झुलस गया। बहरहाल बहुत बडी घटना होने से बच गई।

# श्रृंगवेरपुर गोलीबारी व हत्या मामले में , सुपारी लेने वाले दोनों बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ में किया घायल

अखंड भारत संदेश

**श्रृंगवेरपुरधाम।** प्रयागराज के नवाबगंज क्षेत्र स्थित श्रृंगवेरपुर में सुपारी लेने वाले 2 बदमाशों की देर रात पुलिस टीम से मुठभेड़ हो गई । जिससे दोनों बदमाशों को जवाबी फायरिंग में पैर में गोली लगी है , वही इस मुठभेड़ में एक सिपाही भी जख्मी हुआ है । दोनों बदमाशों और सिपाही को प्रयागराज के स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया है । जहां इलाज चल रहा है इन बदमाशों ने पुलिस को बताया कि पूर्व प्रधान को मारने के लिए 4 लाख की सुपारी ली गई थी ।

वहीं एसपी गंगापार अभिषेक कुमार अग्रवाल ने बताया कि नवाबगंज थाना अंतर्गत मुंडारा गांव मंसूराबाद में बदमाशों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई है पुलिस टीम द्वारा देर रात चेकिंग की जा रही थी तभी पल्सर सवार दो बदमाशों ने पुलिस को जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दिए, इसके पश्चात पुलिस टीम की ओर से भी फायरिंग की गई जिसमें दो बदमाश संजय मौर्य और शहंशाह घायल हो गए दोनों बदमाश के पास से दो-दो देसी तमंचा और कारतूस बरामद किए गए हैं।



मुठभेड़ के दौरान मौजूद पुलिस बल



पुलिस के गोली से घायल दोनों शातिर अपराधी

### कथित डॉक्टर ने ली थी चार लाख में सुपारी

पुलिस ने नवाबगंज के श्रृंगवेरपुर में 10 जून को हुए हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया पुलिस के मुताबिक सूत्रों के निशाने पर पूर्व प्रधान संतोष सिंह था । उसकी हत्या की सुपारी 4 लाख में कथित डॉ सुरेंद्र कुमार मोर ने ली थी । साथ ही उसे एक जमीन देने का वादा प्रधान पति धीरज सिंह और उसके भाई नीरज ने किया था । इनकी ओर से दी गई सुपारी पर सुरेंद्र ने ही तीन शूटरों का इंतजाम किया था जिन्होंने पूर्व प्रधान संतोष सिंह को गोली मारने के साथ ही उसके दोस्त हरेंद्र मिश्रा की हत्या कर दी थी सुरेंद्र सिंह ने ही पुलिस मुठभेड़ में घायल बदमाशों को हत्या करने के लिए 3 लाख एडवांस दिए थे । वही पुलिस ने कथित डॉ सुरेंद्र सिंह निवासी मोहिउद्दीनपुर नवाबगंज के साथ ही प्रतापगढ़ के कर्माइन गांव के प्रधान पति धीरज सिंह और साजिश में शामिल शालू सिंह निवासी अंबारा मथाई आना गदागंज जिला रायबरेली को भी गिरफ्तार किया था । वही एक आरोपी नीरज सिंह फरार है जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।

# बस की टक्कर से पुरोहित की मौत परिजनों में कोहराम

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** घूरपुर क्षेत्र के कांटी गांव के हाईवे पर तेज रफ्तार बस की टक्कर से सायकिल सवार एक पुरोहित की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को पीएम के लिए भेज दिया। बस को चालक सहित पुलिस ने हिरासत में ले लिया।मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घूरपुर के पंवर गांव निवासी पंडित दयाशंकर तिवारी 55 वर्ष पुत्र स्व.चन्द्र शेखर तिवारी पुरोहित हैं। रविवार की सुबह घर से सायकिल से बुंदावा स्थित एक इन्जीनियरिंग कालेज के मन्दिर में पूजा पाठ कराने गए थे। वहा पूजा पाठ कराने के बाद किसी काम से वह कांटी गांव सायकिल से जा रहे थे। जैसे ही कांटी गांव के हाईवे पर पहुंचे की तेज रफ्तार जा शहर की ओर जा रही बस की टक्कर लग गईं जिससे पुरोहित सायकिल समेत छिटक कर सड़क पर गिर गए और गहरी चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने दुघर्टना कर भाग रही बस को चालक सहित हिरासत में ले लिया। और पुरोहित के शव को पीएम के लिए भेज दिया। मौत की सूचना मिलते ही पुरोहित के परिजनों में कोहराम मच गया। और परिजन रोते बिलखते घटना स्थल पर पहुंचे। पुरोहित की दुर्घटना से मौत होने से गांव में मातम छा गया।

### अनियंत्रित सफारी की टक्कर से बाइक सवार दंपत्ति समेत तीन घायल



**घूरपुर।** घूरपुर के चकपूरे कला गांव के हाइवे पर रविवार की दोपहर को अनियंत्रित सफारी की टक्कर से बाइक सवार दंपत्ति सहित तीन घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। चित्रकूट जनपद के गांव नांदी तौरा थाना पहाड़ी निवासी श्रवण कुमार तिवारी 30वर्ष पुत्र कृष्ण कुमार तिवारी उम्र व उनकी पत्नी शांति तिवारी 28 वर्ष एवं उनकी पुत्री शगुन तिवारी 7 वर्ष रविवार की सुबह किसी काम से एक ही बाइक पर सवार होकर प्रयागराज गए थे। और दोपहर बाइक से तीनों घर वापस को जा रहे थे कि जैसे ही घूरपुर के चकपूरे कला गांग के हाईवे पर पहुंचे की पीछे से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित सफारी ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे तीनों सवार सड़क पर छिटक गिर घायल हो गए और बाइक सफारी में फंस गई जिससे कुछ दूर तक बाइक घसिट गई। मौके से आसपास के लोगों ने सफारी सहित चालक को पकड़ पुलिस को सौंप दिया। और पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को इलाज के लिए जसरा स्थित सीएचसी में भर्ती कराया।

### महुली गांव में आवारा सांड से टकराये मजदूर की हुई मौत

**रत्योरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कटरी महुली गांव में सांड से टकराये एक मजदूर की उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसा शनिवार देर शाम 8 बजे के आसपास का बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक दयाशंकर पुत्र स्व हरीशंकर पाल (32) निवासी ग्राम महुली थाना कोरांव गांव क्षेत्र में ही कहीं मजदूरी करने गया हुआ था। शनिवार को देर शाम 8 बजे के आसपास वह वापस घर लौट रहा था कि कटरी महुली गांव में सड़क पर आवारा सांड बैठे हुए थे। जिनसे मजदूर की बाइक टकराई और वह एक सांड के सींग के ऊपर गिर गया। जिससे सांड की सींग उसके शरीर में घुस गई और वह बुरी तरह से घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोगों एवं परिजनों की मदद से उसे उपचार हेतु एक निजी चिकित्सालय में दाखिल कराया जहां कुछ समय बाद ही उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक दयाशंकर को दो पुत्र एवं दो पुत्रियां हैं। हादसे के बाद पत्नी पुष्पा देवी समेत बच्चों एवं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। श्रमिक दयाशंकर के पिता की मौत आज के 5 वर्ष पूर्व मध्य प्रदेश में खदान में काम करते समय खदान के नीचे दबकर मौत हो गई थी।

### अभिव्यक्ति का अधिकार अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए नहीं

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह सहित अन्य मंत्रियों को अपशब्द बोलने के मामले में जौनपुर के मीरागंज थाने में दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने से इंकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि प्राथमिकी संज्ञेय अपराध को अंजाम देने का खुलासा करती है। इसलिए प्राथमिकी में हस्तक्षेप करने के लिए कोई आधार नहीं बनता है।कोर्ट ने मामले में आगे की कार्रवाई के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को पूरी स्वतंत्रता दी। यह आदेश न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार और न्यायमूर्ति राजेंद्र कुमार चतुर्थ की खंडपीठ ने मुमताज मंसूरी की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है।कोर्ट ने कहा कि भारतीय संविधान अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की पूरी आजादी देता है लेकिन इस अधिकार का प्रयोग किसी भी नागरिक के खिलाफ गाली-गलौज या अपमानजनक टिप्पणी करने तक नहीं है, यहां तक कि प्रधानमंत्री या अन्य मंत्रियों के खिलाफ भी नहीं है। मामले में याची सोशल मीडिया (फेसबुक) अत्यधिक अपमानजनक टिप्पणी की थी।इसके बाद उसकेखिलाफ आईपीसी की धारा 504 और आईटी एक्ट की धारा 67 के तहत मामला दर्ज किया गया था। याची ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर प्राथमिकी को रद्द करने की मांग की थी। हाईकोर्ट ने प्राथमिकी में हस्तक्षेप करने से इंकार करते हुए याचिका को खारिज कर दिया।

## न्यूज झरोखा

### जल संरक्षण की दिशा मे पेड़ों का योगदान अविस्मरणीय अभिषेक सिंह पटेल



**जसरा।** भू- गर्भ जल के विभिन्न स्त्रोत सरोवर, तालाब, झील इत्यादि का संरक्षण बहुत ही आवश्यक हैं।धरती पर जल के प्रमुख स्त्रोत भी इन्ही को ही माना गया हैं। प्रति वर्ष बारिश का सम्पूर्ण जल नालों -नदियों के रास्ते समुद्र मे चला जाता हैं जिसका उपयोग न के बराबर होता हैं।यदि इसी जल को विभिन्न माध्यमो से सुरक्षित रखा जाए तो लम्बे समय तक कृषि, बागवानी समेत अनेकों महत्वपूर्ण कार्यों के लिए जल की एक -एक बूँद के लिए तरसना नहीं पड़ेगा।विभिन्न जलाशयों मे वृक्षारोपण के माध्यम से भी जल संरक्षण की दिशा मे काफी सकारात्मक बदलाव लाये जा सकते हैं उक्त बातें केंद्रीय इलाहाबाद विश्वविद्यालय मे अर्थशास्त्र के शोध छात्र अभिषेक सिंह पटेल नें भू-गर्भ जल संरक्षण सप्ताह के अवसर पर शनिवार को जसरा क्षेत्र के विभिन्न गावों मे वृक्षारोपण के दौरान व्यक्त किये।वृक्षारोपण से शुद्ध वायु, मूल्यवान लकड़ी समेत पेड़ से होने वाले अनेकों सुखद परिणामो की जानकारी भी शोध छात्र के द्वारा प्रदान किया गया।इस अवसर पर अपना दल एस के वरिष्ठ नेता फूलचन्द्र पटेल नें शोध छात्र के कार्यों के बखान के साथ ही वृक्षारोपण एवम उनके संरक्षण से जुड़ी अनेकों बात ग्रामीणों के समक्ष व्यक्त किये।आगे उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति से वर्ष मे कम से कम पाँच -पाँच पौधों को रोपने के साथ ही इनके देखभाल की प्रतिज्ञा करनी चाहिए।आम, शरीफा, अमरुद, मदीना, कटहल, इत्यादि पौधे रोपित करने के साथ ही ग्रामीणों मे वितरित भी किये गये।


### जुड़ाव बहनों ने लहराया आईसीएसई बोर्ड में अपना परचम



**झूंसी।** आईसीएसई बोर्ड का रविवार को परिणाम घोषित हुआ जिसमे झूंसी सरायतकी मोहल्ले में रहने वाली जुड़वा बहने श्रेया पाठक और देशना पाठक ने आईसीएसई बोर्ड हाई स्कूल एग्जाम में बेहतरीन अंक लाकर परिवार और क्षेत्र का मान बढ़ाया है। श्रेया पाठक ने बोर्ड एग्जाम में 97.2 % तथा देशना पाठक ने 96.50% अंक प्राप्त किया है। दोनों बहने गर्ल्स हाई स्कूल इलाहाबाद में पढ़ती हैं। पिता राजीव पाठक शिक्षक व माता ऋचा गृहणी है। दोनों बहने बगैर ट्यूशन के सोशल मीडिया की मदद से यह मुकाम हासिल किया है श्रेया पाठक अभी से ही कक्ळ की तैयारी में जुट गई है वही देशना पाठक का सपना डॉक्टर बनने का है।

# शादी का झांसा देकर महिला से कर रहा था दुष्कर्म

अखंड भारत संदेश



**मेजा थाने में सुनवाई न होने पर पीड़िता पिंकी ने एसएसपी से लगाई न्याय की गुहार**

**मेजा।** शादी का झांसा देकर कथित व्यक्ति द्वारा एक महिला के साथ दुष्कर्म किये जाने मामला प्रकाश में आया है। तहरीर देने के बावजूद भी विगत तीन दिन से मेजा थाने का चक्कर काट रही पीड़िता पिंकी दास ने सुनवाई न होने पर एसएसपी प्रयागराज को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी है। प्राप्त जानकारी के दिल्ली के मंडावली थाना क्षेत्र के तालाब चैक गॉव की रहने वाली पिंकी दास पुत्री झरेश्वर दास ने एसएसपी प्रयागराज को दिये गये शिकायती पत्र में इस बात का जिक्र करते हुए लिखा है कि मेजा थाना क्षेत्र के बिसहिजन खुर्द गॉव का रहने वाला शिवशंकर गुप्ता उर्फ गुड्डू पुत्र राम आसरे जो दिल्ली में पानीपूरी की दुकान चलाता है। दिल्ली में ही दोनों की मुलाकात हुई और दोनों में जान-पहचान इस कदर बढ़ी कि मामला शादी सम्बन्ध में बदल गया। शिकायती पत्र में पिंकी ने इस बात का भी जिक्र किया है कि उसका प्रेमी शिवशंकर गुप्ता बतौर पत्नी के रूप में दिल्ली में उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाता रहा इतना ही नहीं इस दौरान शिवशंकर गुप्ता उसे अपने गॉव बिसहिजन खुर्द भी ले आ चुका है और पत्नी के रूप में रखा था। बताते है कि अपने घर पर भी शिवशंकर ने उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाता था। कुछ दिन गॉव रहने के बाद पुनः शिवशंकर पिंकी को लेकर दिल्ली चला गया था ऐसा कहना पिकीं का है। प्रकरण के बावत महिला का कहना है कि बीते 13 जुलाई को वह मार्केटिंग करने चली गयी थी इसी दौरान शिवशंकर गुप्ता उसे छोड़कर वापस घर भाग आया। गौरतलब है कि मार्केट से वापस लौटने पर जब कमरे पर शिवशंकर नहीं मिला तो वह अवाक रह गयी आनन-फानन में शिवशंकर के मोबाइल पर फोन किया तो उसका फोन बंद बता रहा था। फिर वह बीते 15 जुलाई को आरोपी के गॉव आ गयी जहॉ घर पर मौजूद शिवशंकर व उसके परिजनों ने उसे घर में जाने नहीं दिया उल्टा मारपीट कर उसे भगा दिये। प्रकरण के बावत पिंकी दास की बातों को सच माना जाय तो उसका आरोप है कि शिवशंकर गुप्ता शादी का झांसा देकर उसके साथ दो वर्षों से दुष्कर्म करता रहा है उसके साथ धोखा किया है। हलांकि इस सम्बन्ध में वह थाना मेजा में आरोपी के विरूद्ध तहरीर दे चुकी है किन्तु बीते तीन दिनों से थाना मेजा का चक्कर काट रही पीड़िता पिंकी दास की तहरीर पर मेजा पुलिस ने कोई कार्यवाही हीं नहीं किया अततः परेशान होकर वह एसएसपी प्रयागराज को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगा रही है।

### गौवंश की हत्या के जुर्म में फरार एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा

**मऊआइमा।** प्रतिबंधित पशु को मार कर हत्या कर दिया गया था।तथा एक जीवित गाय बरामद हुई थी। पुलिस ने दर्ज मुकदमा में फरार एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बता दें कि मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सराय सुलतान उर्फ पूरे मखदूम में विगत दिनों तक बछडा वाहिद पुत्र भग्गन के घर में विश्व हिंदू परिषद ने बरामद कराया था तथा एक गाय ईदगाह के निकट बंधी मिली थी । जिसपर पंकज तिवारी जिला धर्म प्रसार प्रमुख विश्व हिंदू परिषद ने मऊआइमा थाने में वाहिद ,जावेद ,तनवीर, नावेद, चकश्याम उर्फ पूरे हिंचा के गौशाला के संचालक एंव ग्राम प्रधान शिव बाबू तथा गौशाला के कर्मचारी इरशाद नाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मुख्य आरोपी वाहिद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया तथा शेष फरारों की तलाश में पुलिस निरंतर दबिश दे रही है।

### शंकरगढ़,चाका और कोरांव के मिनी स्टेडियम की होगी मरम्मत

**सांसद रीता बहुगुणा जोशी की पहल पर युवा कल्याण अधिकारी ने संबंधित बीडीओ से मांगी जानकारी**

**प्रयागराज।** ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को अब आगे आने का मौका मिल सकेगा। सांसद प्रयागराज डॉ रीता बहुगुणा जोशी के प्रयास से मिनी स्टेडियम का अनुरक्षण,मरम्मत और सौंदर्यीकरण की कवायद शुरू हो गई है। ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के लिए युवा कल्याण विभाग द्वारा निर्मित शंकरगढ़, चाका और कोरांव में मिनी स्टेडियम का पुनः निर्माण कराया जाएगा। मौजूदा समय में ग्रामीण क्षेत्र में भी खासी प्रतिभाएं मौजूद हैं, लेकिन स्टेडियम और संसाधनों के अभाव में उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने में खासी दिक्कतें आ रही हैं। इन्हीं दिक्कतों को दूर करने के लिए प्रयागराज सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी ने पहल की है। ग्रामीण खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने के लिए केंद्र सरकार ने करीब तीन वर्ष पहले खेलो इंडिया योजना लागू की थी। इसके तहत हर ब्लाक में मिनी स्टेडियम का निर्माण कराने का निर्णय लिया गया था। इसके तहत शंकरगढ़, चाका और कोरांव मिनी स्टेडियम के स्थापना की मंजूरी मिली थी। मिनी स्टेडियम का निर्माण का अनुरक्षण, मरम्मत और सुदृढ़ीकरण होने से समय-समय पर अनेक खेल गतिविधियां संचालित हो सकेंगी। मिनी स्टेडियम बनने के बाद खिलाड़ियों को काफी लाभ मिलेगा। मिनी स्टेडियम निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों के लिए लाखों रुपये की सौगात मिली है। रखरखाव के अभाव में चाका जैसे मिनी स्टेडियम अपनी पहचान खोता जा रहा था। पिछले दो दशक से जिलों से ग्रामीण युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का मौका नहीं मिल पा रहा था।जिसे देखते सांसद ने युवा कल्याण विभाग को युवा कल्याण विभाग द्वारा निर्मित शंकरगढ़,चाका और कोरांव मिनी स्टेडियम के पुनर्निर्माण के लिए प्रयास शुरू किया। जिला युवा कल्याण अधिकारी ने शंकरगढ़,कोरांव और चाका विकास खंड के बीडीओ को पत्र लिखकर प्राक्कलन मांगा है।

### अलग अलग गांवों में मार पीट कई घायल दस के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र में मामूली बात को लेकर लडाई झगड़ा करना आम बात हो गई है। आज फिर दो अलग अलग गांवों में मार पीट के दौरान कई घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों मामलों में दस के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा क्षेत्र के ग्राम सिंसईसिपाह में आज फिर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष को लाठियों से मार कर घायल कर दिया। इरशाद अली पुत्र अनीस ने मऊआइमा थाने में हासिम अली, राशिद अली ,आरिफ अली ,कबीर अली , इरफान अली ,गुफरान अली ,कुर्बान अली के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। दूसरी ओर रुबिया पत्नी बदरूद्दीन का आरोप है कि वह अपनी बहन की ससुराल मऊआइमा के महमदपुर आयी उसे पडोस के नफीस ,उसके भाई मुकीम ,और मुकीम की पत्नी ने मारा पीटा । रुबिया ने मऊआइमा थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# जमीनी विवाद में जमकर हुआ हंगामा, पुलिस रही मौजूद

अखंड भारत संदेश



**मेजा रोड।** इलाकाई थाना क्षेत्र के जेवनिया पुलिस चौकी अंतर्गत बरवा गांव में जमीन के विवाद को लेकर जमकर हंगामा हुआ। रविवार को दोपहर के लगभग जमीन पर कब्जा दिलाने पहुंची पुलिस व राजस्व टीम पर दलितों ने ईंट-पत्थर फेंका। किसी तरह पुलिस ने मामले को संभाला। बरवा गांव मे लगभग तीस साल पहले चकबंदी हुई थी। जिसमें कुछ जमीन दलितों को बसने के लिए दी गई थी। बरवा गांव के चमनगंज के पास स्थित इस जमीन से कुछ दूरी पर गांव के प्रभूनाथ मिश्र आदि की जमीन है। उनका आरोप है कि इस जमीन को दलित कन्हैंया लाल, रामरूप सहित अन्य लोग सरकारी जमीन बताकर हड़पना चाह रहे हैं। जबकि एसडीएम मेजा ने जमीन मालिक प्रभूनाथ आदि के प्रार्थना पत्र का अवलोकन करने के बाद थानाध्यक्ष मेजा को निर्देशित कर रखा था कि वह अवैध कब्जे की जमीन को मौके पर जाकर हटवा दें। पुलिस राजस्व टीम प्रभूनाथ को जमीन दिलाने पहुंची तो दलित बस्ती के लोग गाली गलौज करते हुए पुलिस पर ईंट-पत्थर चलाने लगे। दलितों के इस हमले में थाना प्रभारी के वाहन चालक को चोटें आई हैं। वहीं इस मामले को लेकर गांव मे तनाव का माहौल बना हुआ है।

### शोहदे ने कालेज में घुस कर प्रधानाचार्य पर चलाया चाकू

**प्रयागराज।** उरूवा। सिरसा स्थित राम प्रताप इंटर कालेज में शोहदे ने प्रधानाचार्य पर चाकू से हमला कर दिया। इस दौरान कॉलेज के दो लोगों को चोट लगी है। प्रधानाचार्य द्वारा मामले की शिकायत मेजा पुलिस से करते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। शनिवार को उपरौड़ा गांव का निखिल यादव पुत्र राजकुमार यादव बिना किसी काम के ही सिरसा में स्थित राम प्रताप इंटर कालेज में जा पहुंचा। उसे अंदर आता देख प्रधानाचार्य शिव प्रकाश पाठक ने काम पूछते हुए अंदर आने से रोकने की कोशिश की तो उसने उन पर चाकू से वार कर दिया। इतने में कॉलेज के परिचारक राजेश कुमार यादव बीच बचाव करने पहुंचे तो युवक ने उनको भी चाकू मार दिया। घटना में दोनों लोगों को चोटें लगीं। वहीं कालेज में भीड़ बढ़ती देख युवक वहां से फरार हो गया। प्रधानाचार्य ने बताया कि वह शोहदा अपराधी किस्म का है। इसके पहले भी वह कॉलेज में आ चुका है और यहां आकर वह छात्राओं के साथ अश्लील हरकत करता है। कॉलेज के प्रधानाचार्य शिव प्रकाश पाठक ने उक्त आरोपी की शिकायत मेजा पुलिस से की। मामले में पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध अभियोग दर्ज कर लिया गया है।

# मनरेगा महासंघ के अध्यक्ष मनोनीत हुए अनीस मिश्रा

अखंड भारत संदेश



**मेजा रोड।** अनीश कुमार मिश्र उर्फ सोनू मिश्रा को मनरेगा महासंघ का जिला अध्यक्ष सर्व सम्मति से बनाया गया श्री मिश्र अध्यक्ष बनने पर क्षेत्रीय लोगों के साथ तहसील के कर्मचारियों ने बधाई दी है। और मेजारोड में उनका जोरदार स्वागत किया गया। बता दे कि रविवार को प्रयागराज के विकास भवन में मनरेगा महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रांतीय संगठन मंत्री अशोक तिवारी की अगुवाई में उत्तर प्रदेश मनरेगा संघ इकाई प्रयागराज का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से अनीश कुमार मिश्र निवासी बेदौली मेजा को अध्यक्ष व उदयवीर सिंह यादव को महामंत्री बनाया गया।उक्त मनोनयन पर क्षेत्र के लोगों ने दोनों पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। तहसील के तीनों ब्लॉक के कर्मचारियों ने भी अध्यक्ष व महामंत्री को बधाई दी।वही प्रयागराज से लौटने के बाद अनीश कुमार उर्फ सोनू का मेजा रोड चौराहे पर माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मेजारोड में स्वागत के दौरान अनीश कुमार मिश्रा ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद देते हुए कहा कि जिस उम्मीद व विश्वास के साथ संगठन के लोगों ने चुना है उनके लिए पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ उनकी आवाज को उठाने का काम करूंगा उठाने का काम करूंगा। इस दौरान सपा नेता नितेश तिवारी ने कहा कि मनीष कुमार जैसे नौजवान मनीष कुमार जैसे नौजवान ग्राम रोजगार सेवकों व मनरेगा संघ से जुड़े लोगों की आवाज को बुलंद करेंगे। वही स्वागत के दौरान दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# महाधिवक्ता कार्यालय में लगी भीषण आगएक लाख फाइलें राख, करोड़ों का नुकसान

## फायर ब्रिगेड की 15 गाड़ियों ने 12 घंटे बाद आग पर पाया काबू , दो कर्मचारी हुए घायल

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के सामने स्थित उप्र के महाधिवक्ता कार्यालय में रविवार को भीषण आग लग गई। इसमें वहां रखीं लगभग एक लाख फाइलें जलकर राख हो गईं। इन फाइलों में हाईकोर्ट में लंबित मुकदमों से संबंधित दस्तावेज थे। आग इस कदर भयावह थी कि इसे काबू पाने में सुबह से शाम हो गई। घटना की भयावहता इसी से पता चलती है कि फायरब्रिगेड सुबह 5.30 बजे भड़की आग पर पूरी तरह शाम लगभग सात बजे काबू पा सकी। आग लगने के कारण का पता नहीं चल पाया है। उधर राहत कार्य के दौरान फायरब्रिगेड के कुछ जवान जख्मी भी हुए।सिविल लाइंस में हाईकोर्ट के ठीक सामने स्थित नौमंजिला डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन में महाधिवक्ता, उप्र का कार्यालय है। सुबह 5.30 बजे के करीब हाईकोर्ट के पास से गुजर रहे राहगीर दीपक दुबे ने बिल्डिंग से धुआं निकलते देखा तो गार्ड को जानकारी दी। गार्ड ने कार्यालय के एक कर्मचारी के साथ ही 100 नंबर पर सूचना दी जिस पर फायर ब्रिगेड पहुंच गई। फायरकर्मी भीतर पहुंचे तो पता चला कि आग छठवें तल पर लगी है। उन्होंने वहां जाने की कोशिश की लेकिन धुएं के चलते आगे नहीं बढ़ सके।उधर आग फैलती ही जा रही थी और कुछ ही देर में पांचवें तल पर रखी फाइलें इसकी चपेट में आ गईं जिससे लपटें उठने लगीं। फायरकर्मियों ने पानी की बौछार से आग बुझानी चाही लेकिन ऊंचाई ज्यादा होने के चलते नाकाम रहे। बगल स्थित एक बहुमंजिला बिल्डिंग के साथ ही ओवरब्रिज से भी पानी फेंका गया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। इसके बाद क्रेन मंगवाई गई और फिर भीतर पानी की बौछारें छोड़ी गईं लेकिन देखते ही देखते आग सातवें, आठवें और नवें तल तक फैल गई।इसके बाद फायरब्रिगेड के साथ ही थलसेना, वायुसेना व एनटीपीसी के भी फायर टेंडर बुलाए गए। जिनमें से प्रत्येक को दर्जनों राउंड लगाने पड़े। कड़ी मशक्कत के बाद शाम सात बजे के करीब आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका। लेकिन तब तक यहां रखी लगभग एक लाख फाइलें जलकर राख हो गईं थीं। मौके पर डीजी फायर सर्विस अविनाश चंद्रा, एडीजी प्रेमप्रकाश, आईजी डॉ. राकेश सिंह समेत तमाम अफसर मौजूद रहे।

**इन सेक्शनों की फाइलें जलीं :**
महाधिवक्ता कार्यालय में लगी आग में कई महत्वपूर्ण सेक्शनों की फाइलें जलीं। इनमें कंटेम्प्ट, बेल, क्रिमिनल अपील, क्रिमिनल रिवीजन और सिविल सेक्शन शामिल हैं। दरअसल नीचे की पांच मंजिलों तक कार्यालय व अधिक्ताओं के चैंबर हैं। इसके बाद छठे से आठवें तल को बतौर रिकॉड रूम इस्तेमाल किया जाता है। नौवें तल के एक हिस्से में कॉन्फ्रेंस रूम के साथ ही अन्य स्थान पर भी कुछ फाइलें रखी गईं थीं।

**सीएम ने जांच के लिए पांच सदस्यीय कमेठी गठित की :**
उधर इस प्रकरण को बेहद गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पांच सदस्यीय कमेटी गठित कर जांच के आदेश दे दिए हैं। इसमें एसपी सिटी, एडीएम सिटी, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, एडिशनल एलआर प्रयागराज व उपनिदेशक विद्युत सुरक्षा को शामिल किया गया है। कमेटी को निर्देशित किया गया है कि डीएम व एसएसपी के मार्गदर्शन में आग लगने के कारणों की जांच कर रिपोर्ट प्रेषित की जाए। ताकि जिम्मेदारी निर्धारित कर दोषियों पर कार्रवाई की जा सके।

**छतें चिटकी, दीवारों में आई दरार :**
घटों लपटों से घिरी रहने के चलते महाधिवक्ता कार्यालय की बिल्डिंग को भी काफी नुकसान पहुंचा है। हाल यह रहा कि छठें से लेकर नौवीं मंजिल तक की छतें कई जगहों से चिटक गईं। साथ ही दीवारों पर भी दरारें पड़ गईं। यहां रखे लाखों रुपये के फर्नीचर भी जलकर राख हो गए। हाल यह रहा कि आग बुझाए जाने के बाद भी दीवारें धधकती रहीं। कहा जा रहा है कि घटना में करोड़ों का नुकसान हुआ है। कोई जनहानि नहीं हुई है। वेंटिलेशन के लिए खिड़कियों के शीशे तोड़ने के दौरान कुछ फायरकर्मियों के हाथ में चोट आई, जिस पर अस्पताल भेजकर उनका इलाज कराया गया है। आग कैसे लगी, इसकी जांच की जा रही है।

**– डॉ. राजीव पांडेय, सीएफओ**


आग को बुझाने का प्रयास करते दमकल कर्मी


आग से जली रखी हुई फाइलें


आग बुझाने के दौरान घायल हुए 2 जवान


भवन के अंदर जल रही फाइलों को बुझाता जवान

## दुर्घटना में व्यक्ति की रहस्यमय मौत

**कोरांव।** कोराव के महुली ग्राम में बीती रात्रि दया शंकर पाल पुत्र स्वर्गीय हरी शंकर पाल 30 वर्ष की मौत दुर्घटना में हो गई। बता दें कि मृतक बाइक से रात्रि में ग्राम के ही परसिधियां मजरे से घर जा रहा था। रात्रि में मार्ग पर मरणासन्न हालत में लोगों ने देखा उपचार हेतु अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। चोट सीने में है सीना छेद था खून भी खूब बहा। किसी ने गोली से मारने की बात कही किसी ने बैल से लड़ने कारण बताया।पुलिस ने लाश पोमां में भेज दिया है। जांच पड़ताल की जा रही है। तरह तरह कि लोग चचाएं कर रहे हैं। मृतक हैंड पंप बनाने का श्रमिक था।




## पौधरोपण के साथ उसकी सुरक्षा रखरखाव पर दें विशेष ध्यान : पंकज मिश्रा

**सहसों।** नेशनल हाईवे एनएचएआई ने आजादी के 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर पूरे देश में पचहत्तर लाख पौधरोपण करने का कार्य करेगा। उक्त बातें सहसों के पास हड़िया-कोखराज बाईपास स्थित भोपतपुर टोल प्लाजा पर रविवार को आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में एनएचएआई प्रयागराज जोन के परियोजना निदेशक पंकज मिश्रा ने कहा। इस अवसर पर उन्होंने आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए पौधरोपण के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पौधरोपण के साथ-साथ उसकी सुरक्षा और उसके रखरखाव पर भी विशेष ध्यान देने की बेहद आवश्यकता है। इस मौके पर उपस्थित प्रयागराज बाईपास के चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर अजय प्रताप सिंह, फूलपुर के रेंजर अशोक कुमार व सोरांव के रेंजर बलवंत सिंह ने कहा कि पौधरोपण करने के बाद उसमें जो मिट्टी डाले उसको अच्छी तरह से दबा दें। जिससे पौधे की जड़ में हवा अंदर न जा सके। पानी को पेड़ के पास न डालकर बगल में डाला जाए। कीटनाशक दवाओं का प्रयोग बीच-बीच में करते रहें। इससे पौधे नहीं सूखेंगे। कार्यक्रम के आयोजक भोपतपुर टोल प्लाजा के मैनेजर सुनील कुमार शुक्ला ने उपस्थित सभी लोगों का स्वागत किया। इस मौके पर प्रमुख रूप सहसों पुलिस चौकी प्रभारी दयाराम, चक्रधर पांडे, वाईएचई रजत कुमार सिंह, कुंवर किशन राय सहित आदि लोगों ने भी उपस्थित होकर पौधरोपण का पुनीत कार्य किया।

## किशोरी का शव रोड पर रख लगाया जाम पिटाई से हो गई थी किशोरी की मौत

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** हंडिया में बंटवारे के विवाद में शुक्रवार को किशोरी पर हमला कर दिया गया था शनिवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी मामला बंटवारे के विवाद का था रविवार को परिजनों ने किशोरी के शव को रोड पर रखकर जाम लगा दिया। मौके पर पुलिस और पीएसी बल पहुंच कर काफी समझाने के बाद परिवार के लोग अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए किशोरी के शव का कड़ी सुरक्षा के बीच तीसरे दिन अंतिम संस्कार कराया गया ।

**विवाद में दो महिलाओं में हुई थी मारपीट :** बरोत बाजार में शुक्रवार को जमीन के विवाद में कलावती पत्नी स्वर्गीय लालचंद चौहान और सुनीता पत्नी सुकू चौहान के बीच मारपीट हो गई थी सुखों के बेटे गौतम चौहान ने लालचंद की बेटी आशा 15 के सिर में लाठी से हमला कर दिया था इलाज के दौरान आशा की मौत हो गई किशोरी अपनी मां की इकलौती संतान थी । उसके पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। कलावती की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा : आशा की मां की तहरीर पर पुलिस ने गौतम चौहान और सुनीता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था पोस्टमार्टम के बाद मृतक की बॉडी घर पहुंचने पर परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया । गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे परिजन : पोस्टमार्टम के बाद बॉडी घर पहुंचने पर परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे उनका कहना था जब तक आरोपी पकड़े नहीं जाएंगे वह अंतिम संस्कार नहीं करेंगे घटना के तीसरे दिन रविवार को पुलिस परिजनों को समझाने में कामयाब रही और कड़ी सुरक्षा के बीच किशोरी का अंतिम संस्कार टेला घाट पर किया गया।



## महापौर ने गोताखोर एनडीआरएफ एवं जल पुलिस को टीशर्ट एवं टोपी भी किया वितरित

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** रविवार को माननीया महापौर प्रयागराज अभिलाषा गुप्ता नन्दी ने भगवान शिव की उपासना के महा पर्व सावन माह के अवसर पर दारागंज काँवड़िया आने-जाने वाले श्रद्धालुओं की व्यवस्थाओं के द्दष्टिगत साफ-सफाई, सुरक्षा इत्यादि चीजों का स्थलीय निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान पटरी दुकानदारों को रोड अतिक्रमण न किये जाने तथा पटरी के अंदर व्यवस्थित तरह से दुकान चलाये जाने एवं सिंगल यूज प्लास्टिक, पालीथिन प्रयोग न किये जाने आग्रह किया । मा० महापौर ने उपस्थित कांवड़ यात्रियो से वातार्लाप भी किया । दशाश्वमेश घाट एवं यात्रा मार्गो पर समय-समय पर विशेष सफाई, दवा का छिड़काव, चेंजिंग रूम की सफाई, घाट पर प्लास्टिक का उपयोग न किये जाने उपस्थित जोनल अधिकारी को निर्देश दिए । घाट पर 10 चेंजिंग रूम व्यवस्थित रूप में पाए गए एवं मेला प्राधिकरण एवं नगर निगम प्रयागराज द्वारा घाट पर समुचित व्यवस्थाएं की गई है जिसमे श्रद्धालुओं के पीने का स्वच्छ पानी, साफ-साफ सफाई सुगम यातायात एवं सुलभ की व्यवस्था की गयी है , जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो । घाट पर उपस्थित जल पुलिस से जानकारी करने में पाया गया कि घाट पर 15 गोताखोर एवं पुलिसकर्मी लगे हुए है, जो कि घाट की व्यस्थाओं पर नजर बनाए हुए है एवं मा० महापौर ने उपस्थित गोताखोर ठळ्त्थ्एवं जल पुलिस को टीशर्ट एवं टोपी भी वितरित किया, जिससे व्यवस्था में लगे लोगो का चिन्हांकन किया जा सके।इस अवसर पर राजेश कुमार निषाद पप्पू, मंडल अध्यक्ष भरत निषाद, सुभाष वैश्य, जोनल अधिकारी संजय ममगई आदि लोग उपस्थित रहे।





## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकताओं ने गुरु पूजन कार्यक्रम का किया आयोजन

**करछना।** रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की संगम शाखा के द्वारा देवरी कला गांव स्थित पंडित बद्री प्रसाद मिश्र माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में कार्यक्रम अध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र की अगुवाई में गुरु पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संघ के स्वयंसेवकों समेत स्थानीय लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। स्वयंसेवकों ने सबसे पहले भगवा ध्वज का गुरु पूजन कर अपनी गुरु दक्षिणा अर्पित किया। मुख्य वक्ता आलोक कुमार शुक्ला पूर्व खंड कार्यवाहक ने बौद्धिक उद्बोधन किया। जिसमें उन्होंने गुरु पूजन एवं गुरु दक्षिणा के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि आरएसएस के स्वयंसेवकों ने देश की सुरक्षा व संस्कृति सभ्यता उत्थान के लिए समर्पित भाव से देश के प्रति अपना योगदान दे रही है। समापन भाषण विवेक मिश्रा खंड कार्यवाहक ने दीया। जिस मौके पर कैलाश कुमार, प्रज्वल जी, उज्जवल मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## शोभन योग में सावन का पहला सोमवार आज, बम बम हुई संगमनगरी



**प्रयागराज।** सावन के प्रथम सोमवार पर इस बार सौभाग्य की वर्षा के योग बन रहे है। पहला सोमवार पूर्वाभद्रपद नक्षत्र और शोभन योग में लग रहा है। यह नक्षत्र सौभाग्य और खुशहाली लेकर आएगा। शोभन योग शिवभक्तों की कामना की पूर्ति का मार्ग प्रशस्त करेगा। ज्योतिषियों के अनुसार पूर्वाभद्रपद नक्षत्र और शोभन योग में भगवान भोलेनाथ की आराधना ब्याधियों को दूर करने के साथ ही खुशहाली प्रदान करेगी।शिव मंदिरों में सावन के प्रथम जलाभिषेक की तैयारियों को रविवार को दिन भर अंतिम रूप दिया जाता रहा। यमुना तट स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर में पुरुष और महिला भक्तों के दर्शन के लिए अलग-अलग बैरिकेडिंग कराई गई। साथ ही अफसरों ने तैयारियों का जायजा भी लिया। मनकामेश्वर में सोमवार की भोर चार बजे मंगला आरती के साथ ही आम भक्तों के लिए पट खोल दिए जाएंगे।दिन के 11:45 बजे भोग आरती होगी। इस दौरान सिर्फ 15 मिनट के लिए गर्भगृह में दर्शन रोका जाएगा। इसके बाद दोपहर 12 से रात 12 बजे तक श्रद्धालु बाबा का जलाभिषेक कर सकेंगे। रात 10 बजे आरती होगी। महंत श्रीधरानंद ब्रह्मचारी ने बताया कि प्रथम सोमवार को मनकामेश्वर महादेव का रजत शृंगार होगा। इसमें चांदी के मुखौटे, नाग के अलावा मोगरा, गुलाब, रजनीगंधा, बेला के फूलों से बाबा की झांकी सजाई जाएगी।इससे पहले मंदिर को भव्य सजा दिया गया है। उधर, अरैल स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर में भी भक्तों की सुविधा के लिए बैरिकेडिंग कराई गई। पुजारी सोनू पुरी ने बताया कि सोमवार की रात 10 बजे सोमेश्वर महादेव की शृंगार झांकी सजाई जाएगी। भोर में पांच बजे से ही दर्शन-पूजन आरंभ हो जाएगा। बालसन चौराहा स्थित भरद्वाजेश्वर महादेव मंदिर में भी सावन के जलाभिषेक की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। वहां भी सुबह छह बजे से जलाभिषेक आरंभ होगा। सावन सोमवार के मद्देनदर तक्षक तीर्थ और दारागंज स्थित नागवासुकि में भी जलाभिषेक और दर्शन-पूजन की तैयारियां पूरी कर ली गईं। इन मंदिरों में भी भोर से ही भक्तों की भीड़ लग जाएगी।इससे पहले मंदिर को भव्य सजा दिया गया है। उधर, अरैल स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर में भी भक्तों की सुविधा के लिए बैरिकेडिंग कराई गई। पुजारी सोनू पुरी ने बताया कि सोमवार की रात 10 बजे सोमेश्वर महादेव की शृंगार झांकी सजाई जाएगी। भोर में पांच बजे से ही दर्शन-पूजन आरंभ हो जाएगा। बालसन चौराहा स्थित भरद्वाजेश्वर महादेव मंदिर में भी सावन के जलाभिषेक की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। वहां भी सुबह छह बजे से जलाभिषेक आरंभ होगा। सावन सोमवार के मद्देनदर तक्षक तीर्थ और दारागंज स्थित नागवासुकि में भी जलाभिषेक और दर्शन-पूजन की तैयारियां पूरी कर ली गईं। इन मंदिरों में भी भोर से ही भक्तों की भीड़ लग जाएगी। **अफसरों ने सावन के सोमवार की तैयारियों का लिया जायजा :** रविवार को एडीएम सिटी मदन कुमार और एसपी सिटी दिनेश कुमार सिंह ने शिव मंदिरों में सावन सोमवार की तैयारियों का जायजा लिया। अफसरों ने मनकामेश्वर मंदिर में तैयारियां देखीं। इस दौरान श्रद्धालुओं को सहज दर्शन में किसी तरह की असुविधा न होने देने के लिए सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिए गए। **पहले सोमवार पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम :** सावन के पहले सोमवार पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मनकामेश्वर मंदिर के अलावा सोमेश्वर, नागवासुकि समेत अन्य शिव मंदिरों में पुलिस के साथ ही पीएसी के जवान भक्तों की सुविधा के लिए तैनात कर दिए गए हैं।

## हिरासत में युवक को इतनी बेरहमी से पीटा कि उधड़ गई चमड़ी

**प्रयागराज।** थरवई में बकरों की लूट मामले में हिरासत में लिए गए राजाबाबू पटेल (30) को सिर्फ कलाई ही नहीं, शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोट आई थी। पुलिस ने उसे इस कदर बेरहमी से पीटा था कि उसके कमर के नीचे और जांघों की खाल तक उधड़ गई। यही नहीं उसका आरोप है कि तीन दिन तक बेरहमी से पिटाई करने के साथ ही उससे दो लाख रुपयों की भी मांग की गई। चौंकाने वाली बात यह रही कि इस मामले में आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ तीसरे दिन भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। दयालपुर सरायममरेज निवासी पीड़ित चार दिन पहले पुलिस हिरासत में गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। जिसे आननफानन में पुलिस ने फाफामऊ स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। तब उसने बाथरूम में फिसलकर घायल होने की बात बताई थी लेकिन एक दिन पहले उसने पुलिस की पोल खोल दी। वीडियो वायरल कर बताया कि उसे चोट पुलिस की पिटाई में ही आई थी। जिसमें उसकी कलाई की नस फट गई। शनिवार को उसका एक और वीडियो वायरल हुआ जिसमें उसने बताया कि कलाई ही नहीं बल्कि बर्बरता से पीटे जाने में उसके शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें आईं। उसने अपनी चोटें भी दिखाईं जिससे पता चला कि पिटाई से पीठ के नीचे और जांघों की खाल उधड़ गई थी।

## फंसी गाय को निकालने के लिए तोड़ी धार्मिक स्थल की दीवार

**प्रयागराज।** राजरूपपुर की एक पतली गली में फंसी गाय को निकालने के लिए धार्मिक स्थल की दीवार तोड़ दी गई। गाय धार्मिक स्थल और सेना की बाउंड्रीवाल के बीच फंसी थी। इसकी जानकारी होने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी बुलाई गई। राजरूपपुर पुलिस चौकी से फोर्स पहुंच गई। गाय को निकालने के लिए धार्मिक स्थल या सेना की बाउंड्रीवाल तोड़ना मजबूरी थी। सेना की बाउंड्रीवाल तोड़ने के लिए कोई साहस नहीं कर पाया।पार्षद अखिलेश सिंह ने बताया कि सर्वसम्मति से धार्मिक स्थल की दीवार तोड़ने का निर्णय लिया गया। देर रात धार्मिक स्थल की बाउंड्रीवाल तोड़कर गाय को सुरक्षित निकाला गया।

## न्यूज झरोखा

### बैंक ऑफ बड़ौदा डीहा शाखा की ज्वाइंट मैनेजर शिवानी की विदाई समारोह में नम हुई आंखें



**करछना।** बैंक ऑफ बड़ौदा की डीहा शाखा में शाखा प्रबंधक रोहित सिंह की अध्यक्षता में एक विदाई समारोह आयोजित हुआ। जिसमें बैंक ऑफ बड़ौदा डीहा ब्रांच में ज्वाइंट मैनेजर के पद पर तैनात रही शिवानी को पुष्पगुच्छ सहित उपहार देकर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लोगों की आंखें भी नम हो गई ।और कहा गया कि शिवानी का कार्यकाल बहुत ही सराहनीय रहा। और अपने कार्यकाल में बैंक कर्मियों सहित ग्राहकों के प्रति मृदु व्यवहार व मिलनसारता के रूप में चर्चित रही। बताया गया कि बैंक ऑफ बड़ौदा की डीहा ब्रांच पर शिवानी ज्वाइंट मैनेजर के पद पर तैनात रही । जिनका ट्रांसफर बगलौर जोन के लिए हो गया। इसके पूर्व बैंक ऑफ बड़ौदा की कौवा शाखा में तीन वर्षों का इनका कार्यकाल बहुत ही अच्छा रहा। बताया जाता है कि कार्य व अनुभव की कुशलता से ही इनका तबादला डीहा ब्रांच में हो गया था। जहां पर एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर पुनः इनका तबादला अन्यत्र के लिए हो गया। बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा कौवा के प्रबंधक देवेश चंद्र प्रकाश भी विदाई समारोह में मौजूद रहकर शिवानी को उपहार भेंट किया । इस मौके पर रविंद्र कुमार सर्वेश कुमार पंकज तिवारी शक्ति पांडेय संतोष कुमार सिंह रवि कुमार राज कुमार मिश्र भीम कुमार अर्चना दुर्गा आदि लोग मौजूद रहे।

### भगवान शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुन आनंदित हुए श्रद्धालु



**धनूपुर।** रामापुर, सिरसा में आयोजित संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा एवं महामृत्युंजय जप के चौथे दिन रविवार को कथा व्यास रामानुजाचार्य हरिप्रप्पनाचार्य महाराज ने शिव पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया इस दौरान कथा पांडाल में उपस्थित भक्तजन झूम उठे ।शिव-पार्वती विवाह प्रसंग में महाराज ने बताया कि जब शिव और पार्वती का विवाह होने वाला था, तो एक बड़ी सुंदर घटना हुई शिव की शादी बहुत ही भव्य एवं विचित्र थी इससे पहले ऐसी शादी कभी नहीं हुई थी। शिव दुनिया के सबसे तेजस्वी देव थे शिव एवं पार्वती एक दूसरे को अपने जीवन का हिस्सा बनाने वाले थे सभी देवता तो वहां मौजूद थे ही, साथ ही असुर भूत प्रेत पिशाच भी बाराती बन पहुंचे। जहां देवता जाते थे, वहां असुर जाने से मना कर देते थे और जहां असुर जाते थे, वहां देवता नहीं जाते थे। शिव पशुपति हैं, मतलब सभी जीवों के देवता भी हैं, तो सारे जानवर, कीड़े-मकोड़े और सारे जीव जंतु महादेव के विवाह में उपस्थित हुए। यहां तक कि भूत-पिशाच और विक्षिप्त लोग भी उनके विवाह में मेहमान बन कर पहुंचे उनकी आपस में बिल्कुल नहीं बनती थी। मगर यह तो शिव का विवाह था, इसलिए उन्होंने अपने सारे झगड़े भुलाकर एक बार एक साथ आने का मन बनाया ।इस अवसर पर मुख्य यजमान नगीना देवी, मानिक चंद्र तिवारी, अनुज महाराज, अंबुज आचार्य, मदन गोपाल आचार्य, अनिल आचार्य, मनीष आचार्य, नरेंदर आचार्य, अभिषेक शुक्ला, प्रदीप कुमार तिवारी दीपक, सुशील कुमार तिवारी, पवन कुमार तिवारी, ध्रुव तिवारी, प्रिंस तिवारी, राघव तिवारी, आशुतोष तिवारी, आदित्य तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


# कार्यालय ग्राम पंचायत तरांव वि0खं0 कोरांव, प्रयागराज

### अल्पकालीन निविदा सूचना

पंचम राज्य वित्त/ 15 वा वित्त योजना एवं मनरेगा के अंतर्गत ग्राम पंचायत तरांव के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से अधोलिखित विवरण के अनुसार कार्य करने हेतु दिनांक 18.07.2022 से दिनांक 24.07.2022 तक सील बंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 28.07.2022 साय 3:00 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी । निविदा प्रपत्र 10 रुपए के स्टांप पेपर के साथ ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा । किसी एक अथवा समस्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा । निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है । नियम एवं शर्तों की जानकारी ग्राम पंचायत विकास अधिकारी से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | कार्य का विवरण | स्वीकृत लागत (लाख में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | राज्य वित्त/केन्द्र वित्त/मनरेगा | ग्रा0 पं0 तरांव में गाटा संख्या सं0 118 में अमृत सरोवर तालाब का निर्माण | 20.45 | 03 माह |

सुशील कुमार
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत तरांव
कोरांव प्रयागराज

(ग्रा0 पं0 वि0अधि0)
ग्राम पंचायत तरांव
कोरांव प्रयागराज

पत्रांक : मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/2022-23 दिनांक 17.07.2022

# साइबर कैफे संचालक की गोली मारकर हत्या

## घर में मचा कोहराम, पुलिस कर रही छानबीन

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के परियावां बिबियापुर गाँव निवासी आलोक पांडेय उर्फ शानू शनिवार की देर रात मानिकपुर से दुकान बन्द करके बाइक से घर को लौट रहा था, तभी हमलावर बदमाशों ने घर के रास्ते में बाइक रोककर उसे गाड़ी से नीचे उतारकर गोली मारकर हत्या कर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही नवाबगंज थाना प्रभारी सुधीर कुमार दल बल के साथ व घर के परिजन घटना स्थल की तरफ दौड़ पड़े। मौके पर पहुँची पुलिस ने गंभीर हालत में आलोक को सीएचसी कालाकांकर ले गए जहाँ चिकित्सको ने मृत घोषित कर


आलोक पाण्डेय (फाइल फोटो)

दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव की लिखा पढ़ी करके पीएम के लिये भेजा।

मालूम हो कि उक्त थाना क्षेत्र निवासी आलोक पांडेय उर्फ शानू पुत्र राजेन्द्र पांडेय (28) वर्षीय मानिकपुर में कई वर्षों से साइबर कैफे आन लाइन टिकट बुकिंग की दुकान खोल रखी है। रोज की तरह शनिवार की देर रात अपनी दुकान बन्द करकर घर के लिये निकला, जहाँ थाना क्षेत्र के आलापुर रेलवे फाटक पार करके अपने घर के मिश्रपुर परियावां सड़क पर पहुँचा कि रेलवे फाटक से लगभग सौ कदम की दूरी पर मिश्रपुर के समीप लल्लन मिश्रा सैफू का पुरवा निवासी की आम की बाग के पास पहले से घात लगाकर बैठे हमलावर बदमाशो ने आलोक की बाइक को रोककर नीचे उतार लिया और गोली मारकर हत्या कर फरार हो गए।घटना स्थल के पास से गुजर रहे राहगीरों की नजर जब खून से लथपथ आलोक पर पड़ी तो हक्का बक्का रह गए घटना की जानकारी किसी तरह परिजनो को मिली तो सभी रोते बिलखते मौके पर पहुचे और चीख पुकार मच गई। नवाबगंज पुलिस ने हत्या के मामले की जांच करते हुए रविवार की भोर पहर लल्लन मिश्रा की आम के बाग की रखवाली कर रहे विजय शंकर से पूछ ताछ कर रही है पुलिस हर बिन्दुओं पर गहराई से जांच कर रही है। घटना की जानकारी मिलते ही सीओ कुंडा अजीत कुमार सिंह नवाबगज थाना पँहुचे जहां थाना प्रभारी सुधीर कुमार से घटना की बाबत जानकारी किया।

## सोना लूटकाण्ड के 17 आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्यवाही

**प्रतापगढ़।** कप्तान सतपाल अंतिल के निर्देशन में नगर कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्यवाही की है। नगर कोतवाल सत्येंद्र सिंह ने लूटकांड के सभी 17 आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्यवाही की है। बता दें कि पिछले साल 2021 में शहर के सबसे सनसनीखेज सोना लूटकांड में 17 लुटेरे शामिल थे। उस दौरान तत्कालीन एसपी शिवहरि मीणा की टीम ने मुठभेड़ के दौरान लुटेरों को गिरफ्तार कर लाखों का सोना बरामद किया था। बता दें कि जनवरी 2021 में शहर के सग्रंफ मार्केट से 90 लाख सोने की लूट हुई थी। अब सभी आरोपियों की संपत्ति जब्त होगइ। नगर कोतवाल की इस कार्यवाही से अपराधियों में हड़कप मचा हुआ है।

# संदिग्ध दशा में वृद्ध की मौत

## पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा, परिजनों में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संदिग्ध दशा में वृद्ध की मौत हो गई। परिजनों को घटना की जानकारी सुबह हुई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव का पंचनामा करके पीएम के लिए भेज दिया। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के लकुरी निवासी कड़ेदीन सरोज (60) की संदिग्ध दशा में मौत हो गई।

परिजनों के मुताबिक बीती रात खाना खाने के बाद सभी सो गए। रविवार की सुबह जब परिजन घर से बाहर निकले तो देखा कि वृद्ध बरामदे की छत मे लगे चुल्ले से लगे फंदे से लटक रहा था। घटना को लेकर परिजन रोने-बिलखने लगे। शोर-शराबा सुनकर आस-पास के लोग भी इकट्ठा हो गए। बताया जाता है कि परिजन शव को फंदे से उतारकर चारपाई पर लेटा दिया। उसके बाद पुलिस को सूचना दी। जानकारी पर पहुँची पुलिस ने शव का पंचनामा करके पीएम के लिए भेज दे दिया। वहीं घटना को लेकर गाँव में तरह-तरह की चचाएं होती रही हैं। फिलहाल परिजनों ने आत्महत्या की बात की चर्चा करते रहे। अब आत्महत्या का कारण क्या हो सकता है? इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका। वहीं पुलिस का कहना है कि पीएम के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पायेगा। परिजनों की तरफ से अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। शिकायत के बाद ही अगली कार्रवाई की जायेगी।

# बैंक के बगल स्थित शिव मंदिर से चोरी हो गए घंटे

## दूसरे दिन भी नही लग सका सुराग,सुरक्षा व्यवस्था पर लगा सवालिया निशान

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बैक के बगल स्थित शिव मंदिर से चोरी गए घंटो का दूसरे दिन भी सुराग नही लग सका। बैक के बगल चोरी की घटना को अंजाम देकर उसकी भी सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है। घटना को लेकर लोगों में आक्रोश पनप रहा है।

स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के रानीगंज कैथौला स्थित इंडियन बैंक के बगल स्थित शिव मंदिर से शुक्रवार की रात चोरों ने श्रद्धालुओं द्वारा बांधे गए घंटो को चुरा ले गए। श्रद्धालु सुबह जब मंदिर गए तो वहां घंटे गायब देखकर स्तब्ध रह गए। बताया जाता है कि शिव मंदिर के बगल इंडियन बैंक,कमल मैरिज हॉल व रेनबो पब्लिक स्कूल स्थित है जिसमे सभी में सीसीटीबी कैमरे भी लगे है।अब ऐसी दशा में चोरों ने मंदिर से घंटो की चोरी की घटना को अंजाम देकर बैंक की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवालिया निशान खड़ा कर दिया है।इधर घटना को लेकर क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश पनप रहा है। उधर पुलिस का कहना है कि मामले की तहकीकात की जा रही है जल्द ही चोर पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने मनाया 94वां स्थापना दिवस

## किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य प्राप्ति की हुई बात

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का 94 वां स्थापना दिवस शनिवार को कृषि विज्ञान केंद्र ऐठू में मनाया गया जिसका सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केन्द्र में किसानों को दिखाया गया। इस अवसर पर भा0कृ0अन0प0 द्वारा आयोजित वेबिनार में पूरे भारत से केन्द्रीय कृषि एवं पशुपालन अनुसंधान संस्थानां, कृषि विश्वविद्यालयों एवं कृषि विज्ञान केन्द्रों ने प्रतिभाग किया।

भा0कृ0अन0प0 के महानिदेशक डा0 त्रिलोचन महापात्रा ने पिछले वर्ष में परिषद द्वारा किये गये कार्यां को बताया एवं एकीकृत खेती और उत्पाद प्रसंस्करण द्वारा किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य प्राप्ति की बात कही। पुरूषोत्तम रूपाला पशुपालन मंत्री भारत सरकार ने पशुपालन को अभिन्न अंग बताया एवं पशु उत्पादों द्वारा पोषण सुरक्षा पर विशेष बल दिया। इस कार्यक्रम के दौरान नरेन्द्र सिंह तोमर कृषि मंत्री


94वें स्थापना दिवस पर मौजूद पदाधिकारीगण।

भारत सरकार ने देश के विभिन्न किसानों से आनलाइन संवाद किया। उ0प्र0 और उत्तराखण्ड जोन से कृषि विज्ञान केन्द्र प्रतापगढ़ के प्रशिक्षित किसान अजय सिंह से वातालर्लाप किया। अजय सिंह प्रतापगढ़ के एक प्रगतिशील मधुमक्खी पालक हैं और इन्होने मधुमक्खी पालन में कई नवोन्मेश किये है। कृषि मंत्री महोदय ने कृषक के नवोन्मेशों की सराहना की और अन्य किसानों तक प्रचार-प्रसार की सलाह दी। इस आनलाइन कार्यक्रम के दौरान कृषकों की आय दो गुनी करने की योजनान्तर्गत लाभार्थी एवं अन्य कृषक रोशन लाल, त्रिभुवन नाथ, सोमेश, अमित, इशरार, नीलम, निराला, क्रान्ती, कल्पना, पूनम साथ ही कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं हेड डा0 ए0के0 श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

# युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** प्राइवेट नौकरी करने वाले एक युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। मौजूद लोग हादसे को देखकर सिहर उठे, हालांकि पुलिस को सूचना देने के बाद युवक को गंभीर दशा में अस्पताल ले जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दो भाइयों में सबसे बड़े भाई की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

पट्टी तहसील क्षेत्र के कोहड़ौर थाना अंतर्गत लौली पोखतखाम गांव का रहने वाला अरुण यादव पुत्र रामदीन यादव (25) सुल्तानपुर जनपद में प्राइवेट नौकरी करता था। वह प्रतिदिन अपने घर से ही सुल्तानपुर आता जाता था। देर शाम वह बाइक से घर की तरफ लौट रहा था। वह जैसे ही अहिमाने बाजार के समीप पहुंचा अचानक सामने से एक ई रिक्शा चालक सरिया लादकर सामने आ गया। अरुण ने जैसे ही उसे देखा तुरंत ब्रेक मार दिया लेकिन तब तक ई रिक्शा पर लड़ा हुआ सरिया सके सामने आ गया और उसके सीने में घुस गया। मौजूद लोग हादसे की जानकारी पुलिस को दिए और युवक को लेकर अस्पताल चले गए लेकिन कहां पहुंची डॉक्टरों ने अरुण को मृत घोषित कर दिया।

## आधे घंटे तक लिफ्ट में फंसे रहे अफसर व कर्मचारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विकास भवन में लगी लिफ्ट में तकनीकी खराबी के चलते एसडीएम रानीगंज समेत दर्जन भर कर्मचारी फंस गये। उस दौरान विकास भवन में जिलाधिकारी की मीटिंग से अफसर व कर्मचारी लौट रहे थे। बता दें कि विकास भवन में जिलाधिकारी ने अफसरों की मीटिंग बुलाई थी। मीटिंग के बाद अफसर लिफ्ट से नीचे जाने लगे तभी तकनीकी खराबी के चलते लिफ्ट बंद हो गई। इस दौरान लिफ्ट में अफरा-तफरी मच गई। फोन पर मिस्त्री को बुलाया गया। मिस्त्री ने लिफ्ट तोड़कर अफसर व कर्मचारी को बाहर निकाला। इस दौरान लिफ्ट में 30 मिनट तक अफसर व कर्मचारी फंसे रहे। जब वह लोग लिफ्ट से बाहर निकले तो जान में जान आई।

# अधिवक्ताओं को वादकारी के हितों की रक्षा करनी चाहिये: न्यायमूर्ति

## जूबाए के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कानून की सीमा में रहकर अधिवक्ता को अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। वकील कभी निराश नहीं होता, क्योंकि उसका काम हारना और जीतना नहीं होता है। उसे वादकारी के हितों की रक्षा करनी चाहिये। उक्त बातें जूनियर बार एसोसिएशन पुरातन प्रतापगढ़ के शपथ ग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति नीरज तिवारी ने कहा।

उन्होंने कहा कि बार व बेंच के बीच सामंजस्य की भूमिका का निर्वाहन करते हुए परेशान वादकारियों के अधिकारों को दिलाने में अधिवक्ता भूमिका का निर्वाहन करें। कार्यक्रम का शुभारंभ होने से पूर्व कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति



शपथ ग्रहण समारोह में अधिवक्ता को प्रमाण पत्र देते न्यायमूर्ति।

उच्च न्यायालय नीरज तिवारी, जनपद न्यायाधीश संजय शंकर पांडेय सहित अन्य न्यायिक अधिकारियों एवं अतिथियों का बैच लगाकर व माला पहनाकर स्वागत किया गया। इसके उपरांत मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ व सत्येंद्र नाथ मृदुल के द्वारा सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का आगाज हुआ। इसके उपरांत एल्डर कमेटी के चेयरमैन देव नारायण शुक्ल एडवोकेट ने समस्त नवनिर्वाचित अध्यक्ष इन्दुभाल मिश्र व महामंत्री संतोष नारायण मिश्र सहित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद न्यायाधीश संजय शंकर पांडेय ने नवनिर्वाचित व निवर्तमान पदाधिकारियों को शुभकामना देते हुए कहा कि यहां के अधिवक्ताओं ने यहां की प्रचलित मिथ्या धारणाओं को निर्मूल साबित किया है। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिवक्ता न्यायिक कार्य में अनायास व्यवधान नहीं करता है। इस दौरान आयोजित समारोह को बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सह अध्यक्ष प्रशांत सिंह अटल ने संबोधित करते हुए कहा कि अधिवक्ताओं के हित में तमाम कार्य हुए हैं। कार्यक्रम के समापन के मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष इन्दुभाल मिश्र ने आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता आचार्य ओम प्रकाश मिश्र ने किया।

कार्यक्रम को वरिष्ठ अधिवक्ता पंडित राधेश्याम शुक्ल, राजेंद्र सिंह दाढ़ी, सूर्यकांत मिश्र निराला, गणेश नारायण मिश्र आदि ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अपर जिला जज जी प्रसाद, आलोक द्विवेदी, कुंदन किशोर, पंकज कुमार श्रीवास्तव, एनके ओझा, नीरज बरनवाल, सीजेएम मनोज कुमार, एफटीसी द्वितीय बलराम दास जायसवाल, प्रदीप यादव, विश्वनाथ यादव सहित अन्य न्यायिक अधिकारी व अधिवक्तागण मौजूद रहे।



केक काटकर प्रमोद तिवारी का जन्मदिन मनाते कांग्रेसजन।

# भारतीय राजनीतिक क्षितिज के ध्रुव हैं प्रमोद तिवारी: श्याम किशोर

## धूमधाम से मनाया गया सांसद प्रमोद तिवारी का जन्मदिन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी का जन्मदिन सद्भावना दिवस के रूप में धूमधाम से शैल श्याम पैलेस में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत गीत से प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात उपस्थित मुख्य अतिथि सहित सभी कांग्रेसियों ने मिलकर सांसद के जन्मदिन पर केक काटकर उन्हें बधाई दी।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मुकुंद तिवारी प्रदेश महासचिव उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी/प्रभारी प्रतापगढ़ ने जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि प्रमोद तिवारी के राजनीतिक सफलताओं से उनके व्यक्तित्व और उनकी उदारता दिखती है जिसके कायल देश के सभी राजनेता रहते हैं।

विशिष्ट अतिथि पं श्याम किशोर शुक्ल अध्यक्ष ग्रामीण इंटर कॉलेजेज ने प्रमोद तिवारी को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि भारतीय राजनीतिक क्षितिज के ध्रुव के रूप में उनका जीवन रहा है और उनके दीघार्यु होने की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ लालजी त्रिपाठी ने करते हुए कहा कि एक अजेय योद्धा के रूप में जो रिकॉर्ड बनाया है, वो प्रतापगढ़ के लिए सम्मान की बात है।

नगर अध्यक्ष इरफान अली ने कहा कि राज्यसभा सांसद ने जो राजनीतिक सुचिता को स्थापित किया है, वह सभी के लिये अनुकरणीय है। नरसिंह मिश्रा ने सांसद को बधाई देते हुए उनको युगपुरुष बताया। इस मौके पर डॉ0 नीरज त्रिपाठी पूर्व प्रत्याशी सदर, ज्ञान प्रकाश शुक्ल मीडिया प्रभारी, भगवती प्रसाद तिवारी प्रतिनिधि, रामलवट यादव, संयोजक डॉ प्रशांत देव शुक्ल, उज्जवल शुक्ल प्रदेश सचिव, श्याम शंकर मिश्र, मौलाना वाहिद, सरोजा कश्यप, सुनीता पटेल, महेंद्र शुक्ल, रामलवट यादव आदि मौजूद रहे।


इंद्रदेव को रिझाने के लिये काली मेघा खेलते बच्चे।

# इंद्रदेव को रिझाने के लिए बच्चों ने खेली काली मेघा

## बारिश नहीं होने से ग्रामीण अपना रहे पुराने तरीके

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मानसून के आने की आहट के बीच में भी बरसात ना होने पर ग्रामीणों में निराशा दिखाई दे रही है। जहां एक तरफ धान की रोपाई नहीं हो पा रही है वहीं दूसरी तरफ रोपे गए धान की खेती बरसात ना होने से सूखे हुए नजर आ रहे हैं। ऐसे में ग्रामीण परेशान होकर इंद्रदेव को मनाने और रिझाने के लिए तमाम तरह के जतन कर रहे हैं।पट्टी तहसील क्षेत्र के विकासखंड आसपुर देवसरा के भरोखन गांव के के ग्रामीणों ने रविवार की सुबह 9 बजे सभी लोगों को एकत्रित किया और बच्चों को सभी के दरवाजे पर पानी डाल कर लोटपोट करते हुए काली मेघा पानी दे की गुहार लगाते हुए काली मेघा खेला। इस दौरान सभी बच्चों ने सबके दरवाजे पर पानी डालकर प्रतीकात्मक रूप से इंद्रदेव से पानी जल्द बरसाने की मिन्नत किया। आषाढ़ का महीना समाप्त हो जाने के बाद धान की नर्सरी सूखी पड़ी हुई दिखाई दे रही है बरसात की आस में कई किसान तो धान की नर्सरी को खेतों में रोप नहीं पा रहे हैं। ईश्वर को प्रसन्न करने के लिए ग्रामीणों ने पुराना तरीका अपनाना शुरू कर दिया है। गांव के रहने वाले राकेश यादव का कहना है कि काले मेघा पानी दे के उच्चारण के साथ बच्चे यह खेल खेलकरके इंद्रदेव को रिझाने की कोशिश कर रहे हैं तो वही गांव के रहने वाले नीरज यादव का कहना है कि धान की रोपाई नहीं होने से काम प्रभावित हो रहा है। कीचड़ में लोट करके बच्चे इसीलिए इंद्र देव को प्रसन्न करने की कोशिश कर रहे हैं। इस दौरान बच्चों ने सभी के दरवाजे पर पुराने जमाने में ग्रामीणों वाले नुक्से को आजमाया और कीचड़ में लोट करके काली मेघा खेला।

# कविता लेखन प्रतियोगिता में प्रेम कुमार को मिला तीसरा स्थान

## सृजना परिवार ने किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जनपद के वरिष्ठ कवि-कहानीकार प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम को के०बी० राइटर्स अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक मंच झाझा जिला जमुई बिहार द्वारा आयोजित कविता लेखन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त होने पर सृजना परिवार ने बधाई दी है।

इस अवसर पर अजीत नगर प्रतापगढ़ में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता साहित्यकार डॉ० दयाराम मौर्य रत्न ने किया। डॉ० रत्न ने कहा कि प्रेम कुमार की लेखनी समाज को प्रेरित करती है। मुख्य अतिथि रोशन लाल ऊमरवैश्य ने कहा कि प्रेम कुमार बेबाकी से कलम चलाने वाले साहित्यकार हैं उन्होंने प्रेमचंद्र की विरासत को संभाल रखा है। ज्ञात हो कि के०बी० राइटर्स द्वारा अभी हाल में हिंदी कविता लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस दौरान प्रेम कुमार को सम्मान पत्र, प्रतीक चिन्ह, अंगवस्त्रम, लेखनी एवं लॉकेट प्रेषित किया गया जिससे प्रेम को अलंकृत किया गया। बधाई देने वालों में गंगा प्रसाद पाण्डेय भावुक, कुंजबिहारी लाल काकाश्री, राधे श्याम दीवाना, श्रीनाथ मौर्य सरस, अमरनाथ गुप्ता बेजोड़, राजकुमार



प्रेम कुमार को सम्मानित करते सृजना के पदाधिकारी।

आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार निलय ने किया। माया त्रिपाठी ने के०बी० राइटर्स के अध्यक्ष कुंदन केशरी, संपादक चंदन केशरी, निर्णायक मंडल एवं सृजना परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया।

# पत्रकार की मां को श्रद्धांजलि देने पहुंचे पूर्व मंत्री महेन्द्र सिंह

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रमुख पत्रकार अमितेंद्र श्रीवास्तव की माता जी के निधन पर नगर के मीरा भवन स्थित आवास विकास कालोनी स्थित आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री सदस्य विधान परिषद डॉक्टर महेंद्र सिंह पहुंचे। डा0 महेंद्र सिंह ने पत्रकार अमितेंद्र श्रीवास्तव की माता स्व0 विमलेश कुमारी श्रीवास्तव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। पूर्व मंत्री ने परिवार के सभी सदस्यों से मुलाकात कर दुख की इस घड़ी में परिवार की हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर नेहरू युवा के केंद्र के उपाध्यक्ष दर्जा प्राप्त के केंद्रीय राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने भी माता जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता रवि प्रताप सिंह, समाजसेवी रज्जू राजा, वीएस मेमोरियल के प्रबंधक राकेश सिंह, वरिष्ठ नेता भाजपा छोटे भैया, मुन्ना सिंह, सूबेदार शिव प्रसाद मिश्र, हरदेव सिंह, राजकुमार, राजेंद्र, अमिताभ, अभिषेक, मंत्री के सचिव रिषभ पोरवाल, प्रतिनिधि पंडित दिनेश शर्मा, विक्की निगम, प्रमोद श्रीवास्तव, अमित, शिवम, शुभम और वरिष्ठ पत्रकार शैलेंद्र मिश्र मौजूद रहे।


पत्रकार की मां को श्रद्धांजलि देने पहुंचे पूर्व मंत्री महेन्द्र सिंह

संपादकीय

## शर्मनाक: शहीदे आजम भगत सिंह पर उठाया सवाल

**अगर** हम अपने आदर्शों को आतंकवादी कहेंगे तो फिर राष्ट्रवादी कौन होगा? यह सवाल इन दिनों देश में बड़ी गंभीरता से लोगों को परेशान और हतप्रभ कर रहा है। माना कि ऐसे सवालों की जद में राजनीति होती है लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि देश के लिए प्राणों की आहुति देने वालों उसमें भी खासकर देश भक्ति की अनूठी मिशाल पेश करने वालों पर स्वतंत्रता या इससे जुड़े आन्दोलनों या कोशिशों के इतने लंबे अरसे बाद केवल सियासत चमकाने के लिए सवाल उठाना न केवल हैरान और परेशान करता है बल्कि भावनाओं को आहत भी करता है। लगता नहीं कि ऐसे सवालों को अब और खासकर तब जब देश स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव मनाने की तैयारी में पूरे उत्साह, जोश और जोर-शोर से जुटा है उठाना किसी सुनियोजित रणनीति का हिस्सा हो सकता है? पंजाब की संगरूर सीट से नए नवेले सांसद सिमरनजीत सिंह मान का भगत सिंह के बलिदान पर सवाल उठाना एक तो बकवास और दूसरा गैर जरूरी है। यकीनन हर उपचुनाव के नतीजों के खास मायने होते हैं लेकिन मुख्यमंत्री भगवत सिंह मान की पंजाब में एक मात्र संसदीय सीट खाली करने से हुए उपचुनाव में शिरोमणि अकाली दल, अमृतसर(शिअदअ) के सिमरनजीत सिंह मान का जीतना और जीतते ही विवादित बोलों से सभी ध्यान खींचना अब आहत करने जैसा लगने लगा है। ऐसा कहीं से भी नहीं लगता कि अपने तौर तरीकों से सुर्खियों में बने रहने वाले मान देश के हक में अपनी बातें कह रहे हैं। दशकों बाद पंजाब में खालिस्तान समर्थक आवाजें फिर सुनाई देना, ऑपरेशन ब्लू स्टार की इस बरसी पर खालिस्तान जिंदाबाद के नारे, हिमाचल विधानसभा की दीवार पर खालिस्तानी झंडे लगाना, जनरैल सिंह भिण्डरावाले को शहीद संत कहना तथा और ऐसे ही तमाम दूसरे वाकये लोकतंत्र के हिमायती के मुंह से अच्छे नहीं लगते। उनके अतीत को देखते हुए भी लगता है कि कहीं न कहीं पंजाब को वो भूली, बिसरी बातें याद दिला रहे हैं जिसको छोड़ राज्य बहुत आगे निकल चुका है बल्कि वहाँ नई पीढ़ी नई सोच और नए रास्ते पर चल चुकी है जिसमें राष्ट्रवाद अहम है। पंजाबी दुनिया में भारत का परचम लहराते हुए अपनी पगड़ी, कृपाण, भांगड़ा और खास लहजे से देश प्रेम की अनूठी मिशाल से लबरेज दिखते हैं। प्रधानमंत्री के हर विदेश दौरे के दौरान भारतीय समुदाय में सबसे अलग और दूर से पहचाने जाने वाले वो पंजाबी बिरादरी ही है जो विदेशों में भारत की भीड़ में अलग पहचान है। ऐसे में सिमरनजीत सिंह मान की मंशा पर पूरे देश में सवाल उठना ही चाहिए और उठ भी रहे हैं। इतना तो समझ आने लगा है कि मान खालिस्तानी विचारधारा को संसद में रखने की कोशिश तो करेंगे लेकिन कितने कामियाब होंगे वक्त पर छोड़ना होगा। उनका बयान जिसमें वो किसान आन्दोलन के दौरान दंगे भड़काने के आरोपी दीप सिद्धू की सड़क हादसे में हुई मौत और जाने-माने पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या को शहादत बता उससे पूरी दुनिया में सिख कौम को फायदा हुआ बता क्या कहना चाहते

## कितने भारतीय हैरिस, ऋषि सुनक तक की कतार में

आर.के. सिन्हा

**अगर** ब्रिटेन के नये प्रधानमंत्री ऋषि सुनक बने जाते हैं, तो वे एक तरह से उसी परंपरा को ही आगे बढ़ायेंगे, जिसका श्रीगणेश 1961 में सुदूर कैरिबियाई टापू देश गयाना में भारतवंशी छेदी जगन ने किया था। वे तब गयाना के निर्वाचित प्रधानमत्री बन गए थे। उनके बाद मॉरीशस में शिवसागर रामगुलाम से लेकर अनिरुद्ध जगन्नाथ, त्रिनिदाद और टोबैगो में वासुदेव पांडे, सूरीनाम में चंद्रिका प्रसाद संतोखी, अमेरिका में कमल हैरिस वगैरह उपराष्ट्रपति या प्रधानमंत्री बनते रहे। ये सभी उन मेहनतकश भारतीयों की संतान रहे हैं, जिन्हें गोरे दुनियाभर में लेकर गए थे, ताकि वे वहां के चट्टानों की सफाई कर वहां गन्ना की खेती कर लें। दरअसल सन 1834 में दुनिया में गुलामी प्रथा का अंत होने के बाद श्रमिकों की भारी संख्या में की जरूरत पड़ी। इसके बाद गोरे भारत से एग्रीमेंट करके मजदूर बाहर के देशों में ले जाने लगे जिन्हें बाद में गिरमिटिया कहा जाने लगा। बेशक भारत के बाहर जाने वाला प्रत्येक भारतीय अपने साथ एक छोटा भारत ले कर जाता था। सभी भारतवंशी अपने साथ तुलसी रामायण, अपनी भाषा, खानपान एवं परंपराओं के रूप में भारत की संस्कृति दुनियाभर में ले कर गए थे। उन्हीं मजदूरों की संतानों के कारण फीजी, त्रिनिडाड, गयाना, सूरीनाम और मारीशस लघु भारत के रूप में उभरे। ये सब के सब भोजपुरी भाषी हैं। पर ऋषि सुनक की कहानी भिन्न है। उनको लेकर भारत की वह नौजवान पीढ़ी जो टेक्नालॉजी की दुनिया से जुड़ी है, काफी उत्साहित है। वजह यह है कि सुनक दामाद हैं भारत की सबसे प्रतिष्ठित आईटी कंपनियों में से एक इंफोसिस के फाउंडर चेयरमेन एन.नारायणमूर्ति के। सुनक और नारायणमूर्ति की पुत्री अक्षिता स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी में एक साथ पढ़ते हुए पहले मित्र और फिर पति-पत्नी बने। सुनक के पुरखे पंजाब से हैं। वे पूर्वी अफ्रीकी देश केन्या में बस गए थे करीब 125 साल पहले। उनके पिता यशवीर का जन्म केन्या में और मां का जन्म तंजानिया में हुआ था। गुजारे लायक हिन्दी और पंजाबी भी जानने वाले सुनक का परिवार 1960 के दशक में ब्रिटेन शिफ्ट कर गया था। जान लें कि गोरे पूर्वी अफ्रीका में सन 1896 से लेकर 1901 के बीच करीब 32 हजार मजदूरों को भारत के विभिन्न राज्यों से केन्या, तंजानिया और यूंगाड़ा लेकर गए थे। इन्हें केन्या में रेल पटरियों को बिछाने के लिए ले जाया गया। इनमें पंजाब के सर्वाधिक मजदूर थे। पूर्वी अफ्रीका का सारा रेल नेटवर्क पंजाब के लोगों ने ही तैयार किया था। इन्होंने बेहद कठिन हालातों में रेल नेटवर्क तैयार किया। उस दौर में गुजराती भी केन्या पहुंचने लगे।

# जो उनके लिये 'वंशवाद' वह इनके लिये 'राष्ट्रवाद' कैसे

तनवीर जाफरी

**खबर है** कि 2024 में भारतीय जनता पार्टी 'वंशवाद की राजनीति' के विरुद्ध बिगुल फूंकने की तैयारी में है। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'वंशवाद की राजनीति' के विरुद्ध काफी मुखर होकर बोलते रहे हैं। चाहे वह कानपुर में राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद के पैतृक गांव परौंख में दिया गया उनका भाषण हो या पिछले दिनों हैदराबाद में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक या अत्र तत्र कहीं भी, हर जगह उनका मुख्य फोकस 'वंशवाद की राजनीति' के विरोध पर आधारित ही रहा। सूत्रों के अनुसार जिसतरह बीजेपी ने पिछले चुनावों में कांग्रेस और भ्रष्टाचार मुक्त भारत के नारे दिए थे उसी तरह अगले चुनावों में पार्टी 'वंश-मुक्त भारत' के नारे को अपने चुनाव अभियान में शामिल कर सकती है। परन्तु सवाल यह है कि भारतीय जनता पार्टी व उसके नेताओं की नजरों में 'वंशवाद ' की व्यापक परिभाषा है क्या ? क्या वास्तव में राजनीति की 'वंशवादी' व्यवस्था ही देश के विकास में सबसे बड़ी बाधा है ? क्या कांग्रेस या कई अन्य क्षेत्रीय राजनैतिक दल ही 'वंशवादी राजनीति ' का शिकार हैं और भाजपा इससे पूरी तरह अछूती है ? या फिर भाजपा अपने दल के वंशवादी नेताओं या अपने समर्थक 'वंशवादियों ' के अतिरिक्त केवल अपने विरोधी 'वंशवादियों ' को ही 'वंशवादी राजनीति ' करने वालों की श्रेणी में डालती है ? सबसे ताजातरीन उदाहरण तो महाराष्ट्र का ही है। जब शिव सेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने भाजपा से नाता तोड़ने के बाद एनसीपी और कांग्रेस के साथ मिलकर महा विकास अघाड़ी का गठन किया और मंत्रिमंडल में अपने पुत्र आदित्य ठाकरे को शामिल किया उस समय से लेकर अब तक यही शोर-शराबा होता रहा कि शिवसेना वंशवादी राजनीति का प्रतीक है। अब उसी राज्य से प्राप्त खबरों के अनुसार भाजपा ने राज ठाकरे के सुपुत्र अमित ठाकरे को विभाजित शिवसेना के शिंदे गुट व भाजपा द्वारा नव गठित सरकार के मंत्रिमंडल में शामिल कर उद्धव ठाकरे की कथित 'वंशवादी राजनीति ' को ' वंशवाद' के ही शस्त्र से ही हमलावर होने की योजना बनाई है। इससे राज ठाकरे व उनके मनसे समर्थक खुश होंगे और उद्धव खेमा आहत होगा और इन दोनों ही खेमों की खाई और



गहरी भी होगी। गोया बाल ठाकरे के एक पौत्र आदित्य ठाकरे को बढ़ावा दिया जाना 'वंशवादी राजनीति ' का हिस्सा था और बाल ठाकरे के ही दूसरे पौत्र अमित ठाकरे को मंत्री बनाना 'राष्ट्रवादी राजनीति ' कहलायेगी ? कुछ दिनों पूर्व केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के 26 वर्षीय सुपुत्र आर्यमन सिंधिया को किसी भी संस्था या संगठन के पहले पद की जिम्मेदारी सौंपते हुए ग्वालियर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन ऋ्रऊअ का उपाध्यक्ष बनाया गया। ज्योतिरादित्य सिंधिया का चश्म-ए-चिराग होने के अतिरिक्त आखिर उनमें और क्या विशेषता है ? यह सिंधिया घराने की अगली पीढ़ी के राजनैतिक प्रवेश की तैयारी नहीं तो और क्या है? विजय राजे सिंधिया से लेकर वसुंधरा राजे उनके पुत्र दुष्यंत सिंह,स्वयं ज्योतिरादित्य सिंधिया आदि सब वंशवाद की ही बेल तो है? इसी प्रकार गृह मंत्री अमित शाह के पुत्र जय शाह को 2019 में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड का सेक्रेटरी बनाया गया। आज वे एशियन क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष भी हैं। अमित शाह का कुलदीपक होने के अतिरिक्त भी क्या उनकी कोई योग्यता या विशेषता है ? परन्तु इसे भी वंशवाद नहीं बल्कि राष्ट्रवाद कहिये। भाजपा में शीर्ष में अनेक नेताओं ने वंशवादी बेल को बखूबी सींचा है और अब भी सींच रहे हैं। उदाहरणार्थ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के विधायक पुत्र पंकज सिंह, हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के फायर ब्रांड सुपुत्र व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर,दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे स्वर्गीय साहब सिंह वर्मा के सांसद पुत्र प्रवेश सिंह वर्मा, उत्तर प्रदेश के 3 बार मुख्यमंत्री व राज्यपाल रहे स्व कल्याण सिंह के सांसद पुत्र राजवीर सिंह और राजवीर सिंह के भी विधायक पुत्र संदीप सिंह जोकि वर्तमान में उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में शिक्षा राज्य मंत्री भी हैं। इसी तरह स्वर्गीय प्रमोद महाजन की पुत्री पुनम महाजन,गोपीनाथ मुंडे की प्रीतम मुंडे व पंकजा मुंडे,भाजपा नेता वेद प्रकाश गोयल के पुत्र केंद्रीय मंत्री पीयुष गोयल, लालजी टंडन के सुपुत्र आशुतोष टंडन, ठाकुर प्रसाद के सुपुत्र रविशंकर प्रसाद, यशवंत सिन्हा के पुत्र जयंत सिन्हा, देवेंद्र प्रधान के पुत्र धर्मेंद्र प्रधान,बीएस येदियुरप्पा के पुत्र बी. वाई राघवेंद्र,कैलाश विजयवर्गीय के 'बैट दनादन फेम सुपुत्र 'आकाश विजय वर्गीय विधायक,गंगाधर फनवीस के नूर-ए- नजर देवेंद्र फडनवीस, सांसद दीया कुमारी, किरण रिजिजू, रीता बहुगुणा जोशी,आदि जैसी दर्जनों और राज्य स्तर पर सैकड़ों मिसालें ऐसी मिलेंगी जिनमें भाजपाइयों द्वारा वंशवाद की बेल को बखूबी खाद पानी दिया जा रहा है।

> इसी तरह स्वर्गीय प्रमोद महाजन की पुत्री पुनम महाजन,गोपीनाथ मुंडे की प्रीतम मुंडे व पंकजा मुंडे,भाजपा नेता वेद प्रकाश गोयल के पुत्र केंद्रीय मंत्री पीयुष गोयल, लालजी टंडन के सुपुत्र आशुतोष टंडन, ठाकुर प्रसाद के सुपुत्र रविशंकर प्रसाद, यशवंत सिन्हा के पुत्र जयंत सिन्हा सभी वंशवाद की राजनीति में शामिल

इसी प्रकार जब जम्मू कश्मीर में सरकार बनानी थी तो राज्य में महबूबा मुफ़्ती भी वंशवादी नहीं थी और उनकी पी डी पी भी पक्की राष्ट्रवादी थी। अब साथ छूटते ही वह वंशवादी भी हैं और पी डी पी राष्ट्रविरोधी भी। पंजाब में दो दशक से भी लंबे समय तक बादल परिवार के अकाली दल से गठबंधन रहा,वंशवाद की कोई चर्चा नहीं हुई,आज भी हरियाणा में देवी लाल के पौत्र दुष्यंत चौटाला को उनकी इसी योग्यता के आधार पर मुख्यमंत्री बनाया गया है कि वे स्व देवी लाल जी के वंश के ध्वजवाहक हैं अन्यथा पहली बार में ही विधायक बनने पर उपमुख्यमंत्री बनना भला किसी साधारण जे जे पी कार्यकर्त्ता के भाग्य में कहाँ ? परन्तु जब जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या उनकी पार्टी के अन्य शीर्ष नेता जनसभाओं में वंशवाद पर निशाना साधते हैं तो उन्हें अपने निशाने पर देश का प्रथम वंशवादी राजनैतिक परिवार नेहरू गांधी परिवार नजर आता है परन्तु इसी परिवार के मेनका गाँधी व वरुण गांधी मां-बेटे राष्ट्रवादी नजर आते हैं ,वंशवादी नहीं ? भाजपा को समाजवादी पार्टी,राष्ट्रीय जनता दल,बीजू जनता दल,तथा दक्षिण भारत की अनेक पार्टियां जो भाजपा विरोधी हैं उन सबमें इनको वह 'वंशवाद ' दिखाई देता है जो इनके अनुसार देश की राजनीति व लोकतंत्र के लिये घातक है। यदि भाजपा की यही धारणा है तो इस पैमाने पर तो केवल देश की वामपंथी पार्टियां ही सबसे उपयुक्त नजर आती हैं। परन्तु भाजपाई व संघ विचारधारा व सिद्धांतों के मुताबिक तो कम्युनिस्टों से भी देश को उतना ही खतरा है जितना ईसाईयों व मुसलमानों से ? ऐसे में वंशवाद से निपटने का आखिर उपाय क्या रह जाता है। क्या यही कि जो भाजपाई वंशवादी नेता हैं उन्हें वंशवादी नहीं बल्कि राष्ट्रवादी और यदि हो सके तो उन्हें 'महा राष्ट्रवादी ' मान लिया जाये और जो भाजपा विरोधी खेमे से संबद्ध हैं उनपर वंशवादी होने का टैग लगाकर उन्हें लोकतंत्र व राजनीति के लिये खतरा घोषित कर दिया जाये।

# दल बदल कानून को अधिक प्रभावी बनाने की जरूरत

रमेश सर्राफ

**महाराष्ट्र** में शिवसेना पार्टी के विधायकों द्वारा दलबदल करने के कारण मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की सरकार को गिरा कर शिवसेना के बागी नेता एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में नई सरकार के गठन के बाद देश का दल बदल निरोधक कानून अप्रासंगिक बनकर रह गया है। इस कानून की कमजोरियों का फायदा उठाकर सांसद, विधायक लगातार दल बदल कर रहे हैं। महाराष्ट्र की हालिया घटना के बाद पूरे देश में इस बात को लेकर जोरों से चर्चा है कि मौजूदा कानून दल बदल को रोक पाने में कमजोर साबित हो रहा है। इसे और अधिक मजबूत बनाने की जरूरत है। ताकि दल बदल जैसे सत्ता बनाने बिगाड़ने के खेल पर रोक लग सके। महाराष्ट्र में बड़े पैमाने पर हुए दलबदल में भी भाजपा की भूमिका खुलकर सामने आई है। इससे पूर्व भाजपा कर्नाटक व मध्यप्रदेश में बड़े पैमाने पर विधायकों से दलबदल करवा कर वहां की सरकारों को अपदस्थ कर भाजपा की सरकार बनवा चुकी है। 2014 के बाद दलबदल का खेल कुछ अधिक ही खेले जाने लगा है। 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर में पूरी सरकारों को ही अपदस्थ कर वहां भाजपा की सरकार बनवा दी गई थी। उसके बाद गोवा में बहुमत नहीं मिलने के बावजूद सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस को दरकिनार कर भाजपा की सरकार बनाई गई थी। 2018 के विधानसभा चुनाव में राजस्थान में पूर्ण बहुमत नहीं मिलने पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बसपा से चुनाव जीते सभी 6 विधायकों को कांग्रेस में शामिल करवा कर बहुमत प्राप्त कर लिया था। हाल ही में बिहार विधानसभा में लालू प्रसाद यादव की पार्टी राजद ने असदुद्दीन ओवैसी की ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के 5 में से 4 विधायकों को दल बदल करवा कर राजद में शामिल करवा लिया है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चन्द्र शेखर राव कांग्रेस के अधिकांश विधायकों को अपनी पार्टी में शामिल करवा चुके हैं। सिक्किम में सिक्किम डेमोक्रेटिक पार्टी के दस विधायक दलबदल कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं। चर्चा है कि गोवा कांग्रेस के मौजूदा विधायक कभी भी भाजपा में जा सकते हैं। मौजूदा नियमों के मुताबिक किसी पार्टी के दो तिहाई व उससे अधिक विधायक एक साथ किसी अन्य पार्टी में विलय करते हैं तो उनकी सदस्यता बच जाती है। इसी का फायदा उठाकर राजनीतिक दलों द्वारा धड़ाधड़ दलबदल करवाया जा रहा है। चुनावो के दौरान भी प्रदेशों में बड़े पैमाने पर विधायकों द्वारा दलबदल किया जाता है। हालांकि उस समय विधानसभाओं के चुनाव होने होते हैं ऐसे में दलबदल का सरकार की सेहत पर प्रभाव नहीं पड़ता है। जनता द्वारा निर्वाचित सांसद या विधायक तो अपनी सुविधानुसार दल बदल कर सत्ता का लाभ प्राप्त कर लेता है। मगर ऐसे में उनको वोट देने वाले मतदाता खुद को ठगा हुआ महसूस करने लगते हैं। किसी पार्टी विशेष के पक्ष में मतदान कर चुनाव जिताने वाले लोगों को उस वक्त बड़ा झटका लगता है जब उन्हें पता लगता है कि उनके वोटों से जीता हुआ जनप्रतिनिधि उनके विरोधी दल की पार्टी में शामिल हो गया है। लगातार दल बदल की हो रही घटनाओं को लेकर लोगों में चर्चा है कि दल बदल विरोधी कानून को और अधिक मजबूत बनाया जाए ताकि जिस कार्यकाल के लिए जनप्रतिनिधि निर्वाचित हुआ है। उस कार्यकाल में वह दलबदल नहीं कर सके और यदि वह दलबदल करता है तो उसकी सदस्यता समाप्त हो जाए। अक्टूबर 1967 में हरियाणा के एक विधायक गया लाल ने एक ही दिन मे तीन बार दल बदलकर इस मुद्दे को राजनीति की मुख्यधारा में ला दिया था। उस दौर में आया राम गया राम की राजनीति देश में काफी प्रचलित हो चली थी। अंततः राजीव गांधी के प्रधानमंत्री रहते 1985 में 52वें संविधान संशोधन के माध्यम से देश में दलबदल विरोधी कानून पारित कर इसे संविधान की दसवीं अनुसूची में जोड़ा गया था। इस कानून का मुख्य उद्देश्य भारतीय राजनीति में दलबदल की कुप्रथा को समाप्त करना था। इस कानून के तहत किसी जनप्रतिनिधि को अयोग्य घोषित किया जा सकता है। अगर एक निर्वाचित सदस्य स्वेच्छा से किसी राजनीतिक दल की सदस्यता छोड़ देता है। कोई निर्दलीय निर्वाचित सदस्य किसी राजनीतिक दल में शामिल हो जाता है। किसी सदस्य द्वारा सदन में पार्टी के रुख के विपरीत वोट किया जाता है। कोई सदस्य स्वयं को वोटिंग से अलग रखता है। छह महीने की अवधि के बाद कोई मनोनीत सदस्य किसी राजनीतिक दल में शामिल हो जाता है। मगर अगर किसी पार्टी के एक तिहाई विधायक या सांसद दूसरी पार्टी के साथ जाना चाहें तो उनकी सदस्यता खत्म नहीं होगी। 2003 में इस कानून में संशोधन भी किया गया। जब ये कानून बना तो प्रावधान ये था कि अगर किसी मूल पार्टी में बंटवारा होता है और एक तिहाई विधायक एक नया ग्रुप बनाते हैं तो उनकी सदस्यता नहीं जाएगी। लेकिन इसके बाद बड़े पैमाने पर दल-बदल हुए और ऐसा महसूस किया कि पार्टी में टूट के प्रावधान का फायदा उठाया जा रहा है। इसलिए ये प्रावधान खत्म कर दिया गया। लगातार दलबदल से निपटने में कानून को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए 2003 में दसवीं अनुसूची में संविधान में निन्यानवे संशोधन का प्रस्ताव किया गया था। 16 दिसंबर 2003 को लोकसभा द्वारा और 18 दिसंबर 2003 को राज्यसभा द्वारा यह बिल पारित किया गया था। 1 जनवरी 2004 को राष्ट्रपति की सहमति प्राप्त हुई और संविधान (निन्यानवे संशोधन) अधिनियम - 2003 को 2 जनवरी 2004 को भारत के राजपत्र में अधिसूचित किया गया। 2003 के अधिनियम के अनुसार दलबदल विरोधी कानून में एक राजनीतिक दल को किसी अन्य राजनीतिक दल में या उसके साथ विलय करने की अनुमति दी गई है। बशर्ते कि उसके कम-से-कम दो-तिहाई सदस्य विलय के पक्ष में हों। इस प्रकार इस कानून के तहत एक बार अयोग्य सदस्य उसी सदन की किसी सीट पर किसी भी राजनीतिक दल से चुनाव लड़ सकते हैं। दलबदल के आधार पर अयोग्यता संबंधी प्रश्नों पर निर्णय के लिये मामले को सदन के सभापति या अध्यक्ष के पास भेजा जाता है जो कि न्यायिक समीक्षा के अधीन होता है।

# लोकतंत्र में नैतिकता का पाठ

महेश सिंह

**बीते** दिनों से ब्रिटेन की राजनीति में उथल-पुथल मची हुई है। पिछले मंगलवार को वित्त मंत्री ऋषि सुनक और स्वास्थ्य मंत्री साजिद जाविद ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद बाल विकास मंत्री विल क्विंस, शिक्षा मंत्री रॉबिन वॉकर, गृह कार्यालय मंत्री विक्की एटकिंस और ट्रेजरी मंत्री जॉन ग्लेन के इस्तीफे भी हो चुके हैं। बोरिस जॉनसन से नाराज होने वाले मंत्रियों की संख्या बढ़ती जा रही है। मंत्रियों की नाराजगी और इस्तीफे की वजह सांसद क्रिस पिंचर का मामला है। जिन्हें बोरिस जॉनसन ने पार्टी के डेप्युटी चीफ व्हिप ऑफिसर के तौर पर नियुक्त किया था, जबकि पिंचर के ऊपर 2019 में यौन दुर्व्यवहार के आरोप लग चुके हैं। क्रिस पिंचर को यौन दुर्व्यवहार के मामले में पिछले हफ्ते कंजरवेटिव पार्टी के सांसद पद से भी निलंबित कर दिया गया था। इस्तीफा देने वाले मंत्रियों का आरोप है कि बोरिस जॉनसन ने क्रिस पिंचर पर लगे आरोपों को जानते हुए उन्हें पार्टी में बड़े पद पर जानबूझकर नियुक्त किया। प्रधानमंत्री जॉनसन ने भी अपनी गलती मानते हुए पिंचर की नियुक्ति को लेकर सार्वजनिक तौर पर माफी मांग ली थी। उन्होंने मंगलवार को स्वीकार किया था कि संसद के एक दागदार सदस्य को सरकार के अहम पद पर नियुक्त करना गलत था। लेकिन ये माफी मंत्रिमंडल में बगावत को रोकने में नाकाम रही। हालांकि ये बगावत सरकार गिराने वाली मंशा से नहीं हुई है। बल्कि मंत्रियों ने लोकतंत्र में नैतिकता को सत्ता से ऊपर रखते हुए खुद ही सरकार से किनारा कर लिया है। अपने इस्तीफे की घोषणा करते हुए भारतीय मूल के पहले वित्त मंत्री रहे ऋ षि सुनक ने बोरिस जॉनसन को लिखा कि 'हमारा देश बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहा है। हम दोनों एक कम-कर, उच्च-विकास वाली अर्थव्यवस्था और विश्व-स्तरीय सार्वजनिक सेवाएं चाहते हैं, लेकिन इसे केवल तभी जिम्मेदारी पूर्वक किया जा सकता है जब हम कड़ी मेहनत, त्याग और कठिन निर्णय लेने के लिए तैयार हों।' ऋ षि सुनक ने अपना इस्तीफा देते हुए कहा कि ब्रिटेन के नागरिक ये उम्मीद करते हैं कि सरकार एक 'सही, योग्य और गंभीर' तरीके से काम करे। वहीं स्वास्थ्य मंत्री के पद से हटने का ऐलान करते हुए साजिद जाविद ने दावा किया कि सरकार 'देश के हित में' काम नहीं कर रही है। आधा दर्जन मंत्रियों के इस्तीफे के बाद जॉनसन से भी इस्तीफे की मांग होने लगी। पहले तो बोरिस जॉनसन ने इससे इंकार किया, फिर कंजरवेटिव पार्टी के नेता पद से इस्तीफा दिया और अब प्रधानमंत्री पद से इस्तीफे की खबर भी आ गई है। अगला प्रधानमंत्री चुने जाने तक जॉनसन कार्यवाहक प्रधानमंत्री बने रहेंगे। वैसे उनकी सरकार को अविश्वास प्रस्ताव का सामना किए एक महीना भी नहीं हुआ है। उस वक्त वे बच गए थे, हालांकि उनकी ही अपनी पार्टी के 41 प्रतिशत सांसदों ने उनके खिलाफ मतदान किया था। पिछले दिनों हुए उप चुनाव में बोरिस जॉनसन की कंजरवेटिव पार्टी को हार का मुंह देखना पड़ा था। इससे पहले वे पाटीर्गेट में भी फंस चुके हैं, जिसमें उन पर कोरोना लॉकडाउन के दौरान नियमों का उल्लंघन करते हुए पार्टी करने का आरोप था। बहरहाल, एक के बाद एक मुश्किलों में घिर रहे बोरिस जॉनसन क्या फिर से सत्ता में वापसी कर पाते हैं और इसके बाद 2024 में होने वाले चुनाव में ब्रिटिश जनता कंजरवेटिव या लेबर दोनों में से किस को चुनती है, ये देखना दिलचस्प होगा। वैसे इस घटनाक्रम पर विपक्षी लेबर पार्टी नजरें लगाई हुई है। लेबर पार्टी के नेता प्रतिपक्ष कीर स्टर्मर ने कहा कि वह चुनाव का स्वागत करेंगे क्योंकि देश में सरकार बदलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि साफ हो रहा है कि कंजरवेटिव सरकार गिर रही है। अगला चुनाव 2024 में है लेकिन बोरिस जॉनसन चाहें तो यह पहले भी हो सकता है। ब्रिटेन की इस राजनैतिक उथल-पुथल से लोकतंत्र के कई सबक फिर से याद करने का मौका मिल रहा है। पहला, लोकतंत्र में नैतिकता को जिंदा रखना सबसे अधिक जरूरी है, तभी जनता के प्रति जवाबदेही को निभाया जा सकता है।

## जॉनसन ऋषि सुनक के पक्ष में नहीं

संजीव

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बनने की दौड़ में भारतीय मूल के भारतवंशी ऋषि सुनक वैसे तो 2 चरणों की वोटिंग में निकटतम प्रतिद्वंदी पैनी मोर्डोंट से काफी आगे चल रहे हैं जबकि इंग्लैंड में यह माना जा रहा है कि महिला व्यापार मंत्री पैनी मोर्दोंत कंजरवेटिव पार्टी के सदस्यों के बीच काफी लोकप्रिय हैं तथा प्रधानमंत्री की दौड़ में आगे चल रही हैं। इसी महिला मंत्री को ऋषि सुनक के पीएम बनने की राह में सबसे बड़ा रोड़ा माना जा रहा है। वैसे ऋषि सुनक भी कंजरवेटिव पार्टी में काफी लोकप्रियता रखते हैं। उल्लेखनीय है कि ऋषि सुनक भारत वंशी हैं अत: यह उनका ऋणात्मक पहलू भी हो सकता है। भारत वंशी होने का पहलू उनके लिए प्रधानमंत्री बनने की राह में एक बड़ा सेटबैक ना बन जाए। पहेली दौर में ऋषि सुनक 88 वोट लेकर कंजरवेटिव पार्टी में पेनी मोरडॉन्ट जोकि केवल 67 वोट पाकर दूसरे स्थान में थी दूसरे दौर की वोटिंग में 101 वोट लेकर सबसे आगे थे। वही उनकी प्रतिद्वंदी महिला मंत्री 83 वोट लेकर दूसरे स्थान में थी।यह माना जा रहा है कि कंजरवेटिव पार्टी के 876 सदस्यों के बीच कराए गए सर्वेक्षण में महिला मंत्री, ऋषि सुनक से कहीं आगे चल रही थी,दूसरे नंबर पर केमी बेडिनोक की दावेदारी में ऋषि सुनक के बराबर चल रहे हैं। इसके पहले सर्वे में ऋषि सुनक तथा मोरडॉन्ट के बीच 1 फीसदी का अंतर था। बोरिस जॉनसन द्वारा 7 तारीख को प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा देने के बाद उन्हें कार्यवाहक प्रधानमंत्री बने रहने दिया गया था। उन्होंने घोषणा की थी कि प्रधानमंत्री पद के किसी भी उम्मीदवार के लिए प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से चुनाव में शामिल नहीं होंगे। अब बदली हुई परिस्थितियों में बोरिस जॉनसन ऋषि सुनक का खुलकर विरोध कर रहे हैं।वह नहीं चाहते कि ऋषि सुनक प्रधानमंत्री की गद्दी पर बैठे और इसके लिए वह लगातार दूसरे प्रधानमंत्री के उम्मीदवार का समर्थन करते आ रहे हैं,ऋषि सुनक का पुरजोर विरोध कर रहे हैं इसके पीछे बोरिस जॉनसन कारण बताते हैं कि ऋषि सुनक लगातार योजना बनाकर कंजरवेटिव पार्टी के अंदर बोरिस जॉनसन के इस्तीफे की पृष्ठभूमि तैयार कर रहे थे और ऋषि सुनक के कारण ही बोरिस जॉनसन को इस्तीफा देना पड़ा था। उन्होंने पहले घोषणा की थी कि वे सीधे अथवा परोक्ष रूप से किसी भी कैंडिडेट के लिए प्रचार अथवा उसका विरोध नहीं करेंगे।

## जापान के दो मैराथन धावक कोविड-19 के कारण विश्व चैंपियनशिप से बाहर

**यूजीन ।** जापान के दो मैराथन धावक कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए हैं और विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। विश्व एथलेटिक्स ने शनिवार को घोषणा की कि मैराथन में हिस्सा लेने वाले



जापान के छह में से दो धावक और मुख्य कोच तथा सहयोगी स्टाफ के चार सदस्य पॉजिटिव पाए गए हैं।

इन सभी को पांच दिन तक पृथकवास में रखा जाएगा और तब तक रविवार को पुरुष मैराथन और सोमवार को महिला मैराथन का आयोजन हो चुका होगा। महासंघ ने हालांकि पॉजिटिव खिलाड़ियों के नाम का खुलासा नहीं किया। गोकु होशी, युसुके निशियामा और केंगो सुजूकी को पुरुष मैराथन जबकि माओ इचियामा, मिजूकी मात्सुदा और हितोमी निया को महिला मैराथन में हिस्सा लेना है।

## लय हासिल करने के लिए शुरुआती कुछ मैच अहम होंगे: लक्ष्य सेन

**मुंबई।** विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन ने कहा कि फिटनेस मुद्दों के कारण एक महीने तक खेल से दूर रहने के बाद राष्ट्रमंडल खेलों के शुरूआती कुछ मैच उनकी लय हासिल करने



के लिए महत्वपूर्ण होंगे। भारत की थॉमस कप विजेता टीम के सदस्य सेन ने इंडोनेशिया ओपन के बाद कोई टूर्नामेंट नहीं खेला। इंडोनेशिया में दूसरे दौर के मैच में वह हमवतन एचएस प्रणय से हार गए थे। सेन के कंधे में कुछ समस्या थी । इसके लिए उन्हें दो सप्ताह तक रिहैबिलिटेशन पर रहना पड़ा। अपने मौजूदा फॉर्म के बारे में पूछे जाने उन्होंने कहा- यह बहुत अच्छा है। मैंने एक महीने में कोई टूर्नामेंट नहीं खेला है। इसलिए मुझे लगता है कि लय वापस पाने के लिए पहले कुछ मैच वास्तव में महत्वपूर्ण होंगे।

विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज इस खिलाड़ी ने यहां क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में संवाददाताओं से कहा- मैं आगे बढ़ रहा हूं, पिछले तीन हफ्तों से मैंने जो अभ्यास किया है, उससे मुझे मदद मिलेगी। अल्मोड़ा में जन्मे इस शटलर ने इस आशंका को भी खारिज कर दिया कि महीने भर के ब्रेक से उनकी फॉर्म पर असर पड़ेगा। उन्होंने कहा- मुझे लगता है कि एक महीना लय गंवाने के लिए लंबा समय नहीं होता है। हां, अगर यह 2-3 महीने का होता, तो मेरे लिए वापसी मुश्किल हो सकती थी। मुझे हालांकि लगता है कि शुरुआती कुछ मैच महत्वपूर्ण होंगे और मुझे (लय में वापस आना) परेशानी नहीं होनी चाहिये।

## बांग्लादेश के वनडे कप्तान तमीम इकबाल ने टी20 क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की

**ढाका।** बांग्लादेश के सबसे सफल सलामी बल्लेबाज और एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कप्तान तमीम इकबाल ने बड़ा फैसला लेते हुए टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है। इस 33 वर्षीय ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच में 34 रन बनाए लेकिन मेहमान टीम ने 4 विकेट से जीतकर कैरेबियाई दौरे को समाप्त किया। इसके तुरंत बाद, इकबाल ने खेल के सबसे छोटे प्रारूप से संन्यास की घोषणा की। इकबाल ने एक फेसबुक पोस्ट में लिखा, मुझे आज से टी20 अंतरराष्ट्रीय से रिटायर्ड समझें। आप सभी का धन्यवाद। उन्हें एकदिवसीय करियर में छठी बार 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया। इकबाल ने कुछ दिन पहले ही भारत में 2023 विश्व कप के बाद एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास लेने का संकेत दिए थे और कहा था, 2023 विश्व कप शायद हम सभी के लिए सबसे बड़ी घटनाओं में से एक होगा, खासकर हम में से चार जिनके वहां रिटायर्ड होने की सबसे अधिक संभावना है और हमें आगे बढ़ते हुए सर्वोत्तम संभव संयोजन और संभव सर्वोत्तम टीम बनानी होगी।

# बाबर आजम ने तोड़ा कोहली का रिकॉर्ड

### 10,000 रन बनाने वाले सबसे तेज एशियाई बल्लेबाज बने

**गाले।** पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम रविवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 10,000 रन पार करने वाले एशिया के सबसे तेज और अपने देश के ग्यारहवें बल्लेबाज बन गए। बाबर ने गाले इंटरनेशनल स्टेडियम में पहले टेस्ट के दौरान श्रीलंका के खिलाफ पाकिस्तान की पहली पारी में 72 गेंदों में 34 रनों की नाबाद पारी के दौरान ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।

बाबर अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 10,000 रन बनाने वाले एशिया के सबसे तेज बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली को पीछे छोड़ा जिन्होंने 232 पारियों में ये मुकाम हासिल किया था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में



10,000 रन के आंकड़े तक पहुंचने वाले सभी पाकिस्तानी बल्लेबाजों में बाबर 228 पारियों में सबसे तेज उपलब्धि हासिल करने वाले खिलाड़ी हैं, जिन्होंने दिग्गज बल्लेबाज जावेद मियांदाद के 248 पारियों के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 10,000 रन तक पहुंचने वाले सबसे तेज खिलाड़ियों में विव रिचर्ड्स (206 पारियों), हाशिम अमला (217 पारियों), ब्रायन लारा (220 पारियों) और जो रूट (222 पारियों) के बाद बाबर 228 पारियों में अंक तक पहुंचने वाले पांचवें सबसे तेज बल्लेबाज हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बाबर आजम की इस उपलब्धि पर ट्वीट किया, 10,000 अंतरराष्ट्रीय रन। कप्तान बाबर आजम को यह उपलब्धि हासिल करने वाले 11वें पाकिस्तान बल्लेबाज बनने पर बधाई।

## अंजुम मोदगिल ने निशानेबाजी विश्व कप में जीता कांस्य पदक

**चांगवन।** भारत की अंजुम मोदगिल ने रविवार को यहां आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप की महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। अंजुम फाइनल में 402.9 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। उन्होंने नीलिंग में 100.7, प्रोन में 101.6 और स्टैंडिंग पोजीशन में 200.6 अंक जुटाए।




जर्मनी की अन्ना जेनसन ने स्वर्ण जबकि इटली की बारबरा गैमबारो ने रजत पदक जीता। अंजुम ने 2018 चांगवन विश्व कप में रजत पदक जीता था। भारत चार स्वर्ण, पांच रजत और दो कांस्य पदक सहित कुल 11 पदक के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर चल रहा है।

# बांग्लादेश ने वनडे श्रृंखला में वेस्टइंडीज का सूपड़ा किया साफ

**जॉर्जटाउन (गयाना)।** बांग्लादेश ने कमजोर गेंदबाजी आक्रमण वाली वेस्टइंडीज की टीम को यहां अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में चार विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। बांग्लादेश की टीम वेस्टइंडीज को 178 रन पर समेटने के बाद इस टीम के खिलाफ लगातार 11वीं जीत दर्ज करने की प्रबल दावेदार थी। श्रृंखला में हालांकि यह मेजबान टीम का सर्वश्रेष्ठ स्कोर था।

मैच के दौरान वेस्टइंडीज को झटके लगे जब आलराउंडर कीमो पॉल की पैर की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया और सिर्फ 11 गेंद फेंकने के बाद कामचलाऊ तेज गेंदबाज रोवमैन पावेल की मांसपेशियों में भी खिंचाव का गया। वेस्टइंडीज ने सात गेंदबाजों का इस्तेमाल किया लेकिन स्पिनर गुडाकेश मोती का 10 ओवर का कोटा खत्म होने के बाद बांग्लादेश ने नौ गेंद शेष रहते छह विकेट पर 179 रन बनाकर जीत दर्ज की।

मोती ने 23 रन देकर चार विकेट चटकाए। मोती ने कप्तान तमीम इकबाल (35) को फाइन लेग पर कैच कराया और लिटन दास (50) का अपनी ही गेंद पर कैच लपका। उन्होंने अफीफ हुसैन को बोल्ड किया और जब मोसादेक हुसैन ने मोती की गेंद पर लांग आफ पर कैच थमाया तो



बांग्लादेश का स्कोर पांच विकेट पर 116 रन हो गया। मोती के ओवर खत्म होने के बाद हालांकि बांग्लादेश को अधिक परेशानी नहीं हुई और नुरूल हसन (नाबाद 32) तथा मेहदी हसन मिराज (नाबाद 16) ने टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया।

बांग्लादेश ने अपनी टीम में सिर्फ एक बदलाव करते हुए तेज गेंदबाज शरीफुल इस्लाम की जगह स्पिनर ताइजुल इस्लाम को दौरे पर पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने का मौका दिया। ताइजुल ने इका पूरा फायदा उठाते हुए 28 रन पर पांच विकेट चटकार करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। ताइजुल ने अपनी तीसरी गेंद पर ब्रेंडन किंग को बोल्ड करने के बाद 11वीं गेंदपर शाई होप को स्टंप कराया। टीम के एकमात्र तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान ने शामरा ब्रूक्स को पगबाधा करके वेस्टइंडीज का स्कोर तीन विकेट पर 16 रन किया।

कप्तान निकोलस पूरण ने अपना नौवां अर्धशतक जड़ते हुए टीम को कुछ हद तक सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। उन्होंने 93 गेंद में अपने करियर का सबसे धीमा अर्धशतक जड़ा। ताइजुल 109 गेंद में 73 रन बनाकर आउट होने वाले आठवें बल्लेबाज रहे। उन्हें ताइजुल ने पवेलियन भेजा। ताइजुल मुस्ताफिजुर और मोसादेक हुसैन ने मिलकर 29 ओवर में तीन रन प्रति ओवर से भी कम की दर से रन दिए। बांग्लादेश ने इससे पहले टेस्ट और टी20 श्रृंखला गंवाई थी।

# फाइनल में सातवें स्थान पर रहे श्रीशंकर, चीन खिलाड़ी ने जीता सोना

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में भारतीय लॉन्ग जंपर मुरली श्रीशंकर ने सभी को निराश करते हुए सातवां स्थान हासिल किया। क्वालीफाइंग राउंड में आठ मीटर की दूरी तय करने के बाद उन्होंने फाइनल में जगह बनाई थी और ऐसा करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने थे। श्रीशंकर के फाइनल में पहुंचने के बाद उनसे मेडल की उम्मीद बन गई थी, लेकिन वो ऐसा नहीं कर पाए। फाइनल में उनकी सबसे लंबी कूद 7.96 मीटर की रही और वो सातवें स्थान पर रहे। क्वालीफाइंग राउंड में भी उन्होंने सातवें स्थान पर रहकर फाइनल में जगह बनाई थी।

इस सीजन में उनका प्रदर्शन शानदार रहा है। उनकी सबसे लंबी कूद 8.36 मीटर की रही है, लेकिन फाइनल में वो आठ मीटर की दूरी भी नहीं तय कर पाए और उन्हें खाली हाथ वापस लौटना पड़ा। फाइनल में श्रीशंकर के तीन प्रयास मान्य रहे। पहले प्रयास में उन्होंने 7.96 मीटर, चौथे प्रयास में 7.89 मीटर और आखिरी प्रयास में 7.83 मीटर की दूरी तय की। उनके बाकी तीन प्रयास अमान्य रहे।

23 साल के श्रीशंकर खुद भी अपने प्रदर्शन से निराश होंगे, क्योंकि छह प्रयास में वो



आठ मीटर का आंकड़ा नहीं पार कर पाए। जबकि फाइनल में जगह बनाने के लिए उन्होंने आठ मीटर लंबी कूद लगाई थी।

चीन के जिनान वैंग ने 8.36 मीटर की दूरी तय कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं, ग्रीस के ओलंपिक चैंपियन मिल्तियादिस टेंटोग्लू ने 8.30 मीटर की दूरी तय कर रजत पदक पर कब्जा जमाया। स्विटजरलैंड के सिमोन हैमर ने 8.16 मीटर लंबी कूद लगाई और कांस्य पदक जीता। अन्य प्रतियोगिताओं में भी भारतीय खिलाड़ी कुछ खास नहीं कर सके। महिलाओं की तीन हजार मीटर स्टीपलचेज में पारुल चौधरी ने अपने करियर का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 9.38.09 मिनट का समय निकाला और 12वें नंबर पर रहीं। वो फाइनल में जगह नहीं बना पाईं। पुरुषों की 400 मीटर हर्डल रेस में मदरी पह्लियालिल जबरी भी सेमीफाइनल की बाधा नहीं पार कर पाए। उन्होंने 50.76 सेकेंड में रेस पूरी की और सातवें नंबर पर रहे।

## जेहान दारुवाला मैकलारेन के साथ दूसरी बार एफ वन कार में करेंगे अभ्यास



**मुंबई।** भारत के जेहान दारुवाला अगले सप्ताह पुर्तगाल में पोर्टिमाओ ट्रैक पर पूर्व चैंपियन मैकलारेन के साथ दो दिन के अपने दूसरे फार्मूला वन अभ्यास में भाग लेंगे। यह अभ्यास सत्र 18 और 19 जुलाई को होंगे जिसमें 23 साल के जेहान एक बार फिर 2021 की रेस विजेता कार 'एमसीएल 35 एम' को ड्राइव करेंगे। जेहान ने पिछले महीने ब्रिटेन की इस टीम के साथ अपने पहले फॉर्मूला वन अभ्यास के दौरान सिल्वरस्टोन ट्रैक पर 130 लैप पूरे किये थे और इस दौरान उन्होंने अपनी फिटनेस से प्रभावित किया था। जेहान मौजूदा समय में 'फीडर सीरीज फार्मूला टू' में हिस्सा लेते हैं और वह रेड बुल जूनियर टीम का हिस्सा हैं। जेहान का समर्थन करने वाली मुंबई फालकॉन ने यहां जारी विज्ञप्ति में उनके हवाले से कहा- मैं सिल्वरस्टोन में अभ्यास के बाद काफी आत्मविश्वास के साथ यहां आया हूं। मेरा सपना हमेशा फार्मूला वन में रेस करने का रहा है। मैं यह मौका देने और मुझे आगे बढ़ने में समर्थन देने के लिए रेड बुल और मैकलारेन दोनों का शुक्रगुजार हूं।

# पीवी सिंधु ने सिंगापुर में लहराया तिरंगा, फाइनल में चीनी खिलाड़ी को हराकर साल का तीसरा खिताब जीता

**सिंगापुर।** भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु ने सिंगापुर ओपन के फाइनल में चीनी खिलाड़ी को हराकर खिताब अपने नाम किया है। पीवी सिंधु ने तीन सेट तक चले फाइनल मैच में चीन की वांग जी यी को 21-9, 11-21, 21-15 से मात दी। इस साल यह सिंधु का तीसरा खिताब है। इससे पहले वो कोरिया ओपन और स्विस ओपन का खिताब जीत चुकी हैं।

हालांकि, पहली बार उन्होंने सिंगापुर ओपन अपने नाम किया है। वो साइना नेहवाल के बाद दूसरी भारतीय महिला खिलाड़ी बनी हैं, जिन्होंने यह खिताब जीता है। वो यह खिताब जीतने वाली तीसरी भारतीय हैं। उनसे पहले साइना नेहवाल ने 2010 और साई प्रणीत ने 2017 में यह टूर्नामेंट जीता था।

**रोमांचक मुकाबले में जीतीं सिंधु**




दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी वांग जी यी के साइना को काफी संघर्ष करना पड़ा। हालांकि, अंत में उन्होंने जीत हासिल की। इस मैच में सिंधु ने शानदार शुरुआत की थी और पहला गेम 21-9 के अंतर से अपने नाम किया। उन्होंने सिर्फ 12 मिनट में पहला गेम जीत लिया था। सिंधु ने लगातार 13 प्वाइंट हासिल किए थे। हालांकि, दूसरे गेम में चीनी खिलाड़ी ने वापसी की और 21-11 से दूसरा सेट जीत लिया। अब मैच बराबरी पर पहुंच चुका था और तीसरा सेट निर्णायक था। तीसरे सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त मुकाबला हुआ और अंत में सिंधु ने 21-15 के अंतर से जीत हासिल की। इससे पहले सिंधु ने सेमीफाइनल मैच में जापान की साएना कावाकामी को 21-15, 21-7 के अंतर से हराया था।

**राष्ट्रमंडल खेलों में पदक की उम्मीद बनी**

राष्ट्रमंडल खेलों से पहले सिंधु का लय में लौटना भारत के लिए सुखद है। अब सिंधु से राष्ट्रमंडल खेलों में पदक की उम्मीद और ज्यादा हो गई है। सिंधु से पहले ही अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद थी, लेकिन उनके सिंगापुर ओपन जीतने के बाद उम्मीदें और बढ़ गई हैं।

# राष्ट्रमंडल खेलों के लिए इंगलैंड की क्रिकेट टीम घोषित, हीथर नाइट करेंगी कप्तानी

**बर्मिंघम।** बर्मिंघम में होने वाले राष्ट्रमंडल खेल 2022 में हीथर नाइट इंग्लैंड महिला टीम की कप्तानी करेंगी। इंग्लैंड क्रिकेट ने इसकी घोषणा की। इससे पहले यह टीम 21 जुलाई से शुरू होने वाली टी20 श्रंखला में दक्षिण अफ्रीका से मुकाबला करेगी। युवा सनसनी एलिस कैप्सी और फ्रेया कैम्प को पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्क्वाड में शामिल किया गया है जबकि टेस्ट और वनडे में पदार्पण कर चुकी 20 वर्षीय इसी वॉन्ग अपना पहला टी-20 मैच खेल सकती हैं।

राष्ट्रमंडल खेलों में क्रिकेट 28 जुलाई से शुरू होगा, जिसमें इंग्लैंड अपना पहला मैच श्रीलंका के खिलाफ दो दिन बाद खेलेगी। इसके बाद इंग्लैंड का सामना दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड से होगा। सेमीफाइनल छह अगस्त को खेला जाना है जबकि स्वर्ण और कांस्य पदक के मैच 7 अगस्त को होंगे। दक्षिण अफ्रीका



के खिलाफ होने वाले 3 टी-20 21, 23 और 25 जुलाई को खेले जाएंगे। इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट ने टीम चयन पर कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लेना, खासकर घरेलू धरती पर, हमारे और क्रिकेट के लिए एक बड़ा अवसर है। जब आप छोटे होते हैं तो आप इन बहु-खेल आयोजनों को देखते हैं, लेकिन एक क्रिकेटर के रूप में आप कल्पना नहीं करते कि आप टीम इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा कि यह हमें कुछ ऐसे युवाओं को क्रिकेट में शामिल करने का एक शानदार मौका भी देता है, जिन्होंने शायद इसे पहले नहीं खेला है या नहीं देखा है। यह एक बेहद रोमांचक टीम है। एक समूह के रूप में हमारे लिए इतिहास बनाने और राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने वाली पहली महिला क्रिकेट टीम बनने का मौका है।

# 16 साल के ग्रैंडमास्टर प्रगनाननंदा ने सर्बिया में जीता टूर्नामेंट, अजेय रहकर बने चैंपियन

**नई दिल्ली।** भारत के 16 साल के ग्रैंडमास्टर आर प्रगनाननंदा ने यहां पैरासिन ओपन 'ए' शतरंज टूर्नामेंट 2022 का खिताब अपने नाम किया। भारतीय खिलाड़ी ने नौ दौर के मुकाबले में आठ अंक हासिल किए। वह इस दौरान अजेय रहे और आधे अंक की बढ़त के साथ जीत दर्ज की।

एलेक्जेंडर प्रेडके 7.5 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे। अलीशर सुलेमेनोव और भारत के एएल मुथैया ने एक समान सात अंक हासिल किए लेकिन बेहतर टाई-ब्रेक स्कोर के आधार पर कजाकिस्तान के सुलेमेनोव ने तीसरा स्थान हासिल किया। भारत के युवा अंतरराष्ट्रीय मास्टर वी प्रणव का अभियान अंतिम दौर में प्रेडके से हार के बाद 6.5 अंकों के साथ समाप्त हुआ। ग्रैंडमास्टर अर्जुन कल्याण (6.5 अंक) सातवें स्थान पर रहे। आगामी



भारत के युवा अंतरराष्ट्रीय मास्टर वी प्रणव का अभियान अंतिम दौर में प्रेडके से हार के बाद 6.5 अंकों के साथ समाप्त हुआ। ग्रैंडमास्टर अर्जुन कल्याण (6.5 अंक) सातवें स्थान पर रहे।

शतरंज ओलंपियाड में भाग लेने की तैयारी कर रहे प्रज्ञानानंदा ने भारत की महिला ग्रैंडमास्टर श्रीजा शेषाद्री, लचेजर योर्डानोव (बुल्गारिया), काजीबेक नोगेरबेक (कजाखस्तान), हमवतन कौस्तव चटर्जी, आर्यस्तानबेक उराजेव (कजाखस्तान) पर शुरुआती छह मैचों में लगातार जीत के साथ अपना अभियान शुरू किया। प्रेडके ने सातवें दौर में उन्हें बराबरी पर रोका। उन्होंने इसके बाद आठवें दौर में अर्जुन कल्याण को शिकस्त दी और फिर नौवें दौर में सुलेमेनोव के साथ उनका मुकाबला बराबरी पर छूटा।

## बांग्लादेश में फिर हिंदुओं पर हमला, मंदिर में तोड़फोड़; घर में लगाई आग

**ढाका।** बांग्लादेश में फिर से हिंदुओं को निशाना बनाया गया है। यहां के नराइल के लोहागरा इलाके में हिंदुओं के घर पर हमला




किया गया, वहीं एक घर में आग भी लगाई गई। बताया जा रहा है कि भीड़ ने एक मंदिर में भी तोड़फोड़ की है। पुलिस अधिकारियों ने बताया, मामला एक हिंदू युवक द्वारा की गई फेसबुक पोस्ट से जुड़ा हुआ है। युवक द्वारा की गई पोस्ट से भीड़ नाराज हो गई और हिंदुओं के घरों पर हमला बोल दिया। भीड़ फेसबुक पोस्ट करने वाले युवक के घर में घुस गई और आग लगा दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हवाई फायरिंग की।

**अभी तक गिरफ्तारी नहीं**

नराइल के पुलिस अधीक्षक ने बताया, कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने बताया घटना की जांच की जा रही है। हालांकि, अभी तक इस मामले में किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

## जी-20 वित्त प्रमुखों से विश्व आर्थिक सुधार लक्ष्यों पर ध्यान देने का आग्रह, रूस-यूक्रेन युद्ध पर भी हुई बात

**नुसा दुआ।** इंडोनेशिया ने जी-20 के वित्त मंत्रियों से वैश्विक आर्थिक सुधार के लिए अपने लक्ष्यों पर ध्यान देने का आग्रह किया। लेकिन सूत्रों ने कहा कि बाली में बैठक की समाप्ति औपचारिक विज्ञप्ति के बिना ही होने की संभावना है। इसका एक कारण यूक्रेन में रूस का युद्ध जारी रखना है। इस मामले से परिचित दो सूत्रों ने कहा कि दो दिनी आयोजन की मेजबानी




कर रहे इंडोनेशियाई वित्तमंत्री मूल्यानी इंद्रावती से उम्मी की जा रही है कि वे बैठक का सारांश देते हुए अध्यक्षीय बयान जारी करेंगी। एक सूत्र ने कहा, हम विज्ञप्ति की उम्मीद नहीं कर रहे हैं। इस बीच, अमेरिकी व कनाडाई वित्तमंत्री जेनेट येलेन व क्रिस्टिया फ्रीलैंड समेत वरिष्ठ पश्चिमी राजनयिकों ने युद्ध की निंदा की और युद्ध के कारण बड़े पैमाने पर आर्थिक गिरावट के लिए रूसी अधिकारियों को फटकार लगाई।

**भारतीय-अमेरिकी नौरीन हसन यूबीएस अमेरिका की अध्यक्ष**

भारतीय मूल की अमेरिकी नरीन हसन को स्विट्जरलैंड की दिग्गज वित्तीय कंपी यूबीएस ने कंपनी की अमेरिकी अध्यक्ष नियुक्त किया है। वह अमेरिका में यूबीएम होल्डिंग की सीईओ भी होंगी। हसन इस साल अक्तूबर में पद ग्रहण करेंगी। इस समय वह न्यूयॉर्क स्थित संघीय बैंक में कार्यरत हैं। अपनी नई भूमिका में वह टॉम नारटिल की जगह लेंगी। यूबीएस ग्रुप एजी एक बहुराष्ट्रीय निवेश बैंक और वित्तीय सेवा कंपनी है। हसन के पास रणनीति, डिजिटल परिवर्तन, साइबर सुरक्षा और विनियामक तथा जोखिम प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ वित्तीय सेवा उद्योग का 25 वर्षों का अनुभव हैं।


## वैश्विक टीकाकरण में कोरोना बना रोड़ा, 30 साल की सबसे बड़ी गिरावट दर्ज

**वाशिंगटन।** साल 2021 के दौरान बच्चों को जीवनरक्षक टीके लगाने का आंकड़ा काफी नीचे रहा। बताया जा रहा है कि यह पिछले 30 साल में सबसे बड़ी गिरावट है। डब्ल्यूएचओ और यूनिसेफ के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, बीते साल दुनियाभर में ढाई करोड़ से ज्यादा नवजात को मूलभूत टीके नहीं लगे। गौरतलब है कि वैश्विक टीकाकरण लगातार घट रहा था, लेकिन कोरोना महामारी के दौरान इसमें काफी इजाफा हो गया। डब्ल्यूएचओ और यूनिसेफ के अनुसार, साल 2021 के दौरान नवजातों के टीकाकरण में काफी गिरावट दर्ज की गई, जो पिछले 30 साल में सबसे ज्यादा है। आंकड़ों पर गौर करें तो 2019 के दौरान डिप्थीरिया, टिटनेस और काली खांसी से बचाव की तीन खुराक लेने वाले बच्चों की संख्या में पांच फीसदी गिरावट दर्ज की गई।

# चीन के राष्ट्रपति शी ने झिनजियांग दौरे दौरान लद्दाख गतिरोध से जुड़े अपने सैनिकों से की मुलाकात

**बीजिंग।** लद्दाख सीमा से सटे अशांत झिनजियांग प्रांत की इस सप्ताह असामान्य यात्रा पर गए चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने वहां तैनात सैनिकों एवं अधिकारियों से भेंट की तथा सीमा की सुरक्षा एवं अशांत प्रांत में स्थिति सामान्य बनाने में उनके 'शानदार योगदान' की तारीफ की। चीनी सेना की शीर्ष कमान सेंट्रल मिलिट्री कमीशन के मुखिया शी ने झिनजियांग प्रांत में तैनात अधिकारियों एवं सैनिकों के प्रतिनिधियों से उसकी राजधानी उरूमकी में भेंट की। सरकारी समाचार एजेंसी के अनुसार शी ने प्रांत में तैनात सभी कमांडरों एवं सैनिकों को बधाई दी तथा इस क्षेत्र में उनके 'शानदार योगदान' पर मुहर लगाई। वह 12 से 15 जुलाई तक इस प्रांत की यात्रा पर थे, जहां उनकी सरकार पर अल्पसंख्यक मुसलमानों के उत्पीड़न का व्यापक आरोप लगता रहा है। सरकारी मीडिया द्वारा जारी किये गये फोटो में नजर आ रहा है कि शी के साथ भेंट के दौरान पीएलए की वेस्टर्न थियेटर कमान के शीर्ष अधिकारियों के साथ रेजिमेंट कमांडर क्वी फबाओ भी मौजूद हैं। वेस्टर्न थियेटर कमान पर भारत एवं चीन के बीच 3488 किलोमीटर लंबी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) की निगरानी की जिम्मेदारी है, जबकि क्वी पीएलए का वह रेजीमेंटल कमांडर है, जो पूर्वी लद्दाख के गलवान में जून 2020 में हुई झड़प में घायल हो गया था। बाद में क्वी को 'सीमा की सुरक्षा के लिए हीरो रेजीमेंट कमांडर' के खिताब से सम्मानित किया गया था।

**नेपाल का हमेशा अटल साझेदार रहेगा भारत : जयशंकर**



वैसे तो राष्ट्रपति के संबोधन का पूरा विवरण जारी नहीं किया गया है, लेकिन सरकारी मीडिया की खबर है कि उन्होंने दृढ़तापूर्वक कहा है कि नये दौर में सेना को मजबूत करने के सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के विचार को लागू करना, नये दौर की सैन्य सामरिक नीति को क्रियान्वित करना तथा झिनजियांग में सामाजिक स्थायित्व एवं दीर्घकालिक स्थायित्व को प्रोत्साहित करने में सक्रिय योगदान करना जरूरी है। सैनिकों के साथ शी की यह मुलाकात इस मायने में महत्वपूर्ण है कि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की झिनजियांग मिलिट्री कमान मई 2020 में दोनों पक्षों के बीच सैन्य गतिरोध के समय से भारत-चीन सीमा की निगरानी करता है। झिनजियांग में सैनिकों के साथ शी की यह बैठक रविवार को भारत एवं चीन के बीच होने वाली 16 वें दौर की सैन्य वार्ता से पहले हुई है। भारत पूर्वी लद्दाख में गतिरोध के सभी स्थलों से सैनिकों की शीघ्र वापसी पर जोर दे रहा है और उसका कहना है कि द्विपक्षीय संबंधों में संपूर्ण प्रगति के लिए सीमा पर अमन-चैन पूर्व शर्त है। गलवान घाटी में 15 जून, 2020 को भीषण संघर्ष में 20 भारतीय सैनिक शहीद हो गये थे। यह दोनों पक्षों के बीच सबसे गंभीर सैन्य टकराव था। काफी समय बाद चीन ने माना कि उसके भी चार लोग मारे गये थे। रविवार को होने वाली अगले दौर की वार्ता में संभावना है कि भारतीय पक्ष डेपसांग बुल्गे और डेमचोक में मुद्दों के समाधान के साथ-साथ टकराव वाले सभी स्थानों से यथाशीघ्र सैनिकों की वापसी पर जोर डालेगा। कई दौर की सैन्य एवं राजनयिक वार्ता के फलस्वरूप दोनों पक्षों ने पैंगोंग झील के उत्तरी एवं दक्षिणी तटों तथा गोगरा इलाके से अपने-अपने सैनिकों को पीछे हटाया था। दोनों पक्षों ने इस संवेदनशील पर्वतीय सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास 50-60 हजार सैनिकों को तैनात कर रखा है।

## इंडिगो फ्लाइट की कराची में इमरजेंसी लैंडिंग, शारजाह से हैदराबाद आ रहा था विमान

**करची।** यूएई के शारजाह से हैदराबाद जाने वाली इंडिगो फ्लाइट में तकनीकी खराबी आने के बाद पाकिस्तान के कराची में इमरजेंसी लैंडिंग की गई। विमान में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। वहीं इंडिगो एयरलाइंस ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि पायलट द्वारा विमान में तकनीकी खराबी देखे जाने के बाद, एहतियात के तौर पर विमान को पाकिस्तान के कराची की ओर मोड़ दिया गया। यात्रियों को हैदराबाद ले जाने के लिए कराची के लिए एक अतिरिक्त उड़ान भेजी जा रही है। बता दें दो सप्ताह में कराची में उतरने वाली यह दूसरी भारतीय एयरलाइन है।

**इससे पहले कराची में ही स्पाइसजेट विमान की इमरजेंसी लैंडिंग की गई थी**




बता दें कि इससे पहले पांच जुलाई को दिल्ली से दुबई जाने वाली स्पाइसजेट की स्त्त-11 फ्लाइट में तकनीकी खराबी आने के बाद पाकिस्तान के कराची में ही इमरजेंसी लैंडिंग की गई थी। स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने घटना की जानकारी देते हुए बताया था कि संकेतक लाइट में तकनीकी खराबी के कारण स्पाइसजेट B737 विमान को कराची की ओर मोड़ दिया गया। विमान कराची में सुरक्षित उतर गया और यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया।

**14 जुलाई को इंडिगो फ्लाइट की जयपुर में की गई थी इमरजेंसी लैंडिंग**

वहीं इससे पहले 14 जुलाई की शाम को दिल्ली से वडोदरा जा रही इंडिगो फ्लाइट की जयपुर में इमरजेंसी लैंडिंग की गई थी। बताया गया था कि विमान में कुछ तकनीकी खराबी आई थी, जिसके बाद एहतियात के तौर पर इसकी आपात लैंडिंग कराई गई। गौरतलब है कि बीते कुछ दिनों में भारत में कई फ्लाइट्स को आपात तौर पर उतारे जाने की खबरें आ चुकी हैं।

## रिपुदमन की हत्या से जुड़ी कार का फुटेज जारी, होमिसाइड यूनिट ने कहा- सच सामने आएगा

**टोरंटो ।** कनाडा में हत्या के मामलों की जांच करने वाली शीर्ष एजेंसी होमीसाइड युनिट ने रिपुदमन मलिक की हत्या से जुड़ी एक कार की वीडियो फुटेज जारी की है। जांचकर्ता फिलहाल यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि रिपुदमन की हत्या किसने और क्यों की है? कनाडा के अखबार टोरंटो सन के मुताबिक, इंटीग्रेटेड होमीसाइट इन्वेस्टिगेशन टीम (आईएचआईटी) ने शुक्रवार को एक वीडियो जारी किया, जिसमें सफेद रंग की कार को पैपिलन ईस्टर्न इम्पोर्ट्स के पार्किंग क्षेत्र में घुसते हुए देखा जा सकता है। कार के अंदर कई लोग बैठे दिखाई दे रहे हैं। इस कंपनी की स्थापना मलिक ने 1970 में की थी। आईएचआईटी के सार्जेंट डेविड ली ने बताया कि कार 122ए स्ट्रीट पर 82 एवेन्यू के पास जली हुई मिली है।



**कनिष्क बम विस्फोट मामला क्या था?**

घटना 23 जून 1985 की है। एयर इंडिया की फ्लाइट 182 ने मॉन्ट्रियल से लंदन के लिए उड़ान भरी। इसे नई दिल्ली जाना था। एयर इंडिया का यह विमान एक बोइंग 747 जंबो जेट था। जिसे सम्राट कनिष्क के नाम पर कनिष्क नाम दिया गया था। वैंकूवर में एक सूटकेस कार्गो में चेक इन किया गया। इस सूटकेस में बम रखा हुआ था। विमान आयरिश हवाई क्षेत्र में था। तभी एक जोरदार धमाका हुआ। जमीन से 31 हजार फीट की ऊंचाई पर हुए इस धमाके में विमान सवार 22 क्रू मेंबर और सभी 307 यात्री मारे गए। इनमें 268 कनाडाई, 27 ब्रिटिश और 24 भारतीय नागरिक मारे गए। कनाडाई नगारिकों में कई भारतीय मूल के लोग भी थे। धमाके के मारे गए लोगों में से केवल 132 शव ही बरामद किए जा सके थे। बाकी 197 शवों का पता तक नहीं चल पाया।

**इस हमले के जिम्मेदार लोग कौन थे?**

कनाडा और भारतीय जांच में पता चला कि इस बम धमाके की योजना बनाने का काम और उसका क्रियान्वयन कनाडा में रहने वाले सिख अलगावादियों ने किया था। ये अलगावादी पंजाब में सक्रिय उग्रवादियों के निर्देश पर काम कर रहे थे। जांचकर्ताओं ने बताया कि बम धमाकों को आतंकवादी समूह बब्बर खालसा ने ऑपरेशन ब्लू स्टार का बदला लेने के लिए अंजाम दिया था।

**मामले में किन लोगों को आरोपी बनाया गया?**

इस बम धमाके के मामले में तीन लोग मुख्य आरोपी बनाए गए। इनमें रिपुदमन सिंह मलिक के साथ इंद्रजीत सिंह रेयात और अजब सिंह बागरी शामिल थे। ये तीनों ही भारतीय मूल के कनाडाई नागरिक थे। इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन के सदस्य इंदरजीत सिंह रेयात को जांच के बाद दोषी पाया गया। उसे 15 साल की सजा हुई। वहीं, रिपुदमन सिंह मलिक और अजब सिंह बागरी को जांच के बाद बरी कर दिया गया।

## उत्तरी ग्रीस में यूक्रेन का मालवाहक विमान दुर्घटनाग्रस्त, आठ लोग थे सवार

**ग्रीस।** यूक्रेन स्थित एयर कैरियर द्वारा संचालित एक मालवाहक विमान देर रात उत्तरी ग्रीस में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ग्रीस के नागरिक उड्डयन अधिकारियों के मुताबिक, विमान में 8 लोग सवार थे। पायलट ने इंजन में खराबी के कारण आपात लैंडिंग का अनुरोध किया था, लेकिन विमान का सिग्नल खो गया और हादसे का शिकार हो गया।

**आठ लोग थे सवार**

देर रात उत्तरी ग्रीस के कवला शहर के पास आठ लोगों के साथ एक मालवाहक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, दमकल विभाग और राज्य टीवी ने यह जानकारी दी है। स्टेट टीवी ईआरटी ने बताया कि विमान एक यूक्रेनी कंपनी के स्वामित्व वाला एंटोनोव ए -12 था, जो सर्बिया से जॉर्डन के लिए उड़ान पर था।

ertnews.gr पर अपलोड किए गए वीडियो फुटेज में विमान को आग की लपटों में जमीन से टकराने से पहले तेजी से उतरते हुए दिखाया गया है, जो एक विस्फोट जैसा लगता है। दमकल विभाग विमान के प्रकार की पुष्टि नहीं कर सका, लेकिन कहा कि शुरुआती रिपोर्ट में आठ लोग सवार थे।



इसने एक बयान में कहा कि दुर्घटना के बाद लगी आग को बुझाने के लिए 15 दमकलकर्मियों और सात इंजनों को तैनात किया गया। और भी बचावकर्मियों को भेजा गया है। विशेष आपदा प्रतिक्रिया इकाई घटनास्थल की जांच कर रही है। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि हम कार्गो को खतरनाक सामग्री मान रहे हैं।

**रूस-यूक्रेन जंग जारी**

यह हादसा ऐसे वक्त पर हुआ है जब यूक्रेन और रूस के बीच जंग जारी है। रूस ने यूक्रेन पर हमले और तेज कर दिए हैं और रिहायशी इलाकों को भी निशाना बनाया जा रहा है। यूक्रेन भी हरसंभव अपनी ओर से रूस को जवाब दे रहा है। यूक्रेन का यह भी दावा है कि उसने रूस के 47 सैनिक मार गिराए हैं।

रूस-यूक्रेन युद्ध में शनिवार को दोनों पक्षों ने एक-दूसरे को जबरदस्त नुकसान पहुंचाया। एक तरफ जहां रूसी बमवर्षक विमानों ने यूक्रेन के दक्षिणपूर्वी शहर 'दनिप्रो' पर क्रूज मिसाइलें दागीं, जिससे 3 की मौत और 15 घायल हो गए। वहीं, यूक्रेनी सेना ने दक्षिणी यूक्रेन में 47 रूसी सैनिकों के साथ आठ हॉवित्जर तोप व कई सैन्य उपकरण नष्ट कर दिए।

## यूक्रेन का कार्गो विमान ग्रीस में दुर्घटनाग्रस्त

एथेंस। यूक्रेन का कार्गो( मालवाहक) विमान ग्रीस के कवला शहर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में करीब आठ लोग सवार थे। यह यूक्रेन की एक कंपनी का एंटोनोव ए -12 विमान था। इसने सर्बिया से जार्डन के लिए उड़ान भरी थी। यह आठ लोग सही सलामत हैं या नहीं, फिलहाल इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। विमान के पायलट ने इंजन में खराबी के कारण आपात लैंडिंग का अनुरोध किया था।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## बांग्लादेश में कट्टरपंथियों का हिंदुओं के घरों पर हमला, मंदिर में पथराव

**ढाका।** पड़ोसी देश बांग्लादेश में कट्टरपंथी लगातार अल्पसंख्यक समुदाय हिंदुओं को चुन-चुन कर निशाना बना रहे हैं। फेसबुक पर एक पोस्ट से भड़के कट्टरपंथियों ने शुक्रवार शाम नराइल के लोहागरा इलाके में हिंदुओं के घरों पर हमले किए और दिगोलिया गांव में एक हिंदू के घर को फूंक दिया। इस दौरान एक हिंदू मंदिर में पथराव किया। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को हवा में गोलियां चलानी पड़ीं।

पुलिस का कहना है कि आकाश साहा और उसके पिता पर पैगंबर मोहम्मद को लेकर कथित पोस्ट करने का आरोप है। इन लोगों के घर को भी जलाया गया है। आकाश और उसके पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है। इलाके में अभी भी तनाव है। कट्टरपंथियों के तांडव का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। बांग्लादेश में लगातार हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। पिछले महीने 18 जून को नराइल के एक कॉलेज में हिंदू प्रिंसिपल पर हमला किया गया था। उन्हें इस दौरान जूतों की माला पहनने को मजबूर किया गया। इससे पहले मार्च में ढाका में इस्कान मंदिर पर हमला किया गया था। यह मंदिर ढाका के वारी में 222 लाल मोहन साहा स्ट्रीट में है। इसे इस्कॉन राधाकांता मंदिर के नाम से पुकारा जाता है। हाजी सैफुल्लाह की अगुआई में 200 से ज्यादा लोगों की भीड़ ने तोड़फोड़ और लूटपाट की थी। पिछले साल अगस्त में खुलना जिले में 50 से ज्यादा हिंदू घरों पर हमला और चार मंदिरों में तोड़फोड़ की गई थी। देवी-देवताओं की मूर्तियों को खंडित कर दिया गया था। इस हमले का आरोप कट्टरपंथी संगठन हिफाजत-ए-इस्लाम पर लगा था। इस संगठन के तार पाकिस्तान और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े हुए हैं। मार्च 2021 में रंगपुर जिले के पीरगंज उपजिला में एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर कुछ लोगों ने हिंदू समुदाय के घरों में आग लगा दी। इस दौरान 20 घर जलकर राख हो गए थे।

## इंडोनेशिया में आतंकी हमला, 10 लोगों की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया में हुए आतंकी हमले में कम से कम 10 लोग मारे गए और दो अन्य घायलों की हालत गंभीर है। यह हमला देश के पूर्वी प्रांत पापुआ के नदुगा में शनिवार को हुआ। पुलिस के मुताबिक यह अलगाववादी आतंकी समूह का वीभत्स कृत्य है।


पुलिस ने बताया कि आतंकी समूह ह्यकेकेबीह्ल ने जिले की चार अलग-अलग जगहों पर हमले किए। एक ट्रक को निशाना बनाया।

उसमें करीब 20 लोग सवार थे। मृतकों के शव बरामद कर लिए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## भुगतान प्रणालियों के समन्वय पर भारत और इंडोनेशिया ने जताई सहमति, एमओयू पर हस्ताक्षर किए

**जकार्ता।** भारत और इंडोनेशिया ने जी-20 में भुगतान प्रणालियों के समन्वय पर सहमति जताई है। दोनों देशों ने बैठक से इतर बाली में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इसमें भुगतान प्रणाली और आतंकी फंडिंग को रोकने सहित कई मुद्दों पर सहयोग किया गया।

आरबीआई ने एक बयान में कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक और बैंक इंडोनेशिया (बीआई) ने 16 जुलाई, 2022 को बाली, इंडोनेशिया में जी 20 वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों की बैठक के दौरान दो केंद्रीय बैंकों के बीच पारस्परिक सहयोग में सुधार के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।




भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा और बीआई के डिप्टी गवर्नर डोडी बुडी वालुयो ने आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास और बीआई गवर्नर पेरी वारजियो की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। बयान के अनुसार, समझौता ज्ञापन को नीति संबंधी संवाद, तकनीकी सहयोग, सूचनाओं के आदान-प्रदान और संयुक्त कार्य के माध्यम से लागू किया जाएगा।

## राजनीतिक अस्थिरता इटली तक पहुंची, द्राघी हटे तो पूरे यूरोप पर पड़ेगा असर

**रोम।** यूरोप में बढ़ रही राजनीतिक अस्थिरता का नया शिकार इटली के प्रधानमंत्री मारियो द्राघी बने हैं। प्राकृतिक गैस के अभाव और रिकॉर्ड महंगाई के कारण यूरोपीय देशों में राजनीतिक अनिश्चय हाल में बढ़ा है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और एस्तोनिया की प्रधानमंत्री केजा कलास को हाल में इस्तीफा देना पड़ा। उसके पहले फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की पार्टी संसदीय बहुमत वापस पाने में नाकाम रही। मारियो द्राघी ने रात इस्तीफा देने का एलान किया। 74 वर्षीय द्राघी बैंकर हैं। 2008 के वित्तीय संकट के दौरान यूरो मुद्रा को बचाने का श्रेय उन्हें दिया जाता है। साथ ही यूरोपियन यूनियन के अंदर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था इटली में आर्थिक स्थिरता लाने का श्रेय भी उन्हें रहा है। लेकिन यूक्रेन युद्ध के बाद पैदा हुए ऊर्जा संकट के बीच द्राघी के नेतृत्व वाले गठबंधन में फूट पड़ गई है। द्राघी के इस्तीफे की घोषणा करने के कुछ ही घंटों के अंदर इटली के राष्ट्रपति सर्गियो मातारेला ने कहा कि वे इस्तीफा स्वीकार नहीं करेंगे। लेकिन पर्यवेक्षकों के मुताबिक इससे इटली का राजनीतिक संकट दूर नहीं हुआ है। द्राघी के नेतृत्व वाले गठबंधन से फाइव-स्टार पार्टी अलग हो गई है। उसने द्राघी के आर्थिक सुधार कार्यक्रम को समर्थन देने से इनकार कर दिया है। फाइव-स्टार सत्ताधारी गठबंधन में सबसे बड़ी पार्टी थी। वेबसाइट पॉलिटिको.ईयू की एक रिपोर्ट के मुताबिक अगर अभी किसी तरह द्राघी की सरकार बच जाती है, तब भी वह स्थिर शासन नहीं दे पाएगी। बल्कि आने वाले दिनों में सत्ता संघर्ष और तेज होगा। इटली में अगले साल आम चुनाव होने हैं। इसलिए सत्ताधारी गठबंधन में शामिल पार्टियां ऐसे सुधारों के साथ खड़ी नहीं दिखना चाहतीं, जिनसे आम जनता पर बोझ बढ़ेगा। द्राघी के इस्तीफे की खबर का वित्तीय बाजारों पर साफ असर दिखा। अर्थशास्त्रियों ने चिंता जताई है कि आर्थिक संकट के इस वक्त में राजनीतिक अस्थिरता बढ़ने से हालात और बिगड़ सकते हैं। यूरोपियन यूनियन की मुद्रा यूरो के भाव में बीते तीन महीनों में रिकॉर्ड गिरावट आ चुकी है।